● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 75, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



गुलाम नबी आजाद का यू-टर्न, नहीं लड़ेंगे चुनाव 5



सूर्य कुमार की नम्बर 1 की कुर्सी पर खतरा 6

# पहले चरण की छह सीटों पर 88 प्रत्याशी

## 1.13 करोड़ मतदाता आज करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पहले चरण की 6 सीटों छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, सीधी, बालाघाट और शहडोल में मतदान के लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि पहले चरण की छह सीटों दो सीट शहडोल और मंडला अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इन सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। इन सीटों पर 88 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा है। इसमें 81 पुरुष और 7 महिला प्रत्याशी है। सबसे ज्यादा 19 उम्मीदवार जबलपुर और सबसे कम 10 उम्मीदवार शहडोल में है।

पहले चरण की सीटों पर सुबह 7 बजे से 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान शुरू होने के 90 मिनट पहले मॉक पोल शुरू होगी। बालाघाट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली तीन विधानसभा सीट बैहर, लांजी और परसवाड़ा में में सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। प्रथम चरण में 1 करोड़ 13 लाख 9 हजार 636 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसमें 57 लाख 20 हजार 780 पुरुष, 55 लाख 88 हजार 669 महिला और 187 थर्ड जेंडर वोटर है।



प्रथम चरण के कुल मतदाता में 20 से 29 साल के मतदाताओं की संख्या 26 लाख 54 हजार 434 है। वहीं, 18 से 19 साल के मतदाताओं की संख्या 3 लाख 44 हजार 244 है। इसके अलावा 100 साल से अधिक उम्र के 771 और 85 साल से अधिक उम्र के 46 हजार 463 मतदाता है। सेवा मतदाताओं की संख्या 10 हजार 522, अप्रवासी मतदाता 31 और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1 लाख 42 हजार 10 है। 6 लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा मतदाताओं की संख्या मंडल में 21 लाख 1 हजार 811 और सबसे कम छिंदवाड़ा में 16 लाख 32 हजार 190 है। मंडला और बालाघाट में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से ज्यादा है। मंडला में 10 लाख 51 हजार 542 महिला और 10 लाख 50 हजार 253 पुरुष मतदाता है। वहीं, बालाघाट में कुल मतदाता 18 लाख 73 हजार 653 है। यहां पर 9 लाख 43 हजार 429 महिला मतदाता और 9 लाख 30 हजार 208 पुरुष मतदाताओं की संख्या है। जबलपुर में कुल मतदाताओं की संख्या 18 लाख 96 हजार 346, शहडोल में 17 लाख 77 हजार 185, सीधी में 20 लाख 28 हजार 451 है। प्रथम चरण में 13 हजार 588 मतदान केंद्र बनाएं गए है। इन पर 54 हजार 352 के साथ ही 10 प्रतिशत रिजर्व मतदान कर्मी नियुक्त किए गए है। इसमें 1118 मतदान केंद्र महिलाओं के द्वारा संचालित किए जाएंगे। 33 मतदान केंद्र दिव्यांग संचालित करेंगे। वहीं, 491 आदर्श मतदान केंद्र बनाएं गए है। 2651 क्रिटिकल मतदान केंद्र है। आकस्मिक सेवा के लिए एक हेलीकॉप्टर को मतदान दिवस के दिन पूर्व 18 अप्रैल से 19 अप्रैल को मतदान संपन्न होने तक बालाघाट और एक एयर एंबुलेंस को जबलपुर में रखा गया है। पहले चरण में 85 वर्ष से अधिक उम्र के 5466 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से घर पर मतदान किया। वहीं, 2881 दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग की सुविधा का लाभ लेकर मतदान किया और 536 अत्यावश्यक सेवाओं में शामिल मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया है।

# भोपाल सीट हर बार जीत के नए रिकॉर्ड बना रही : डॉ. यादव

## भोपाल संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा ने भरा नामांकन

**भोपाल।** भोपाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ रोड शो किया और जनसभा को संबोधित किया। भवानी चौक पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल लोकसभा सीट हर बार जीत के नए रिकॉर्ड बना रही है। प्रदेश की सबसे हॉट सीट छिंदवाड़ा को लेकर उन्होंने कहा कि %अबकी बार छिंदवाड़ा पार। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि इस बार भी भोपाल में गाड़ा गया खंबा सबसे अलग दिखना चाहिए। हमारा भाजपा का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है और कांग्रेस के लोगों को रात-दिन सपने आ रहे हैं, उन्हें बिजली के झटके लग रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तो श्रीराम और श्रीकृष्ण की संस्कृति वाले लोग हैं। कांग्रेस हमेशा से इस संस्कृति की विरोधी रही है, इसलिए कभी भी श्रीराम के मंदिर को बनने में साथ नहीं दिया। हमेशा से विरोध जताया। कांग्रेस की संस्कृति तो विरोध करने वाली संस्कृति ही है। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से अड़ंगे लगाए हैं। उन्होंने तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भी गलत ठहराया, लेकिन देश के हिंदू-मुसलमान भाइयों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में आज हमारे आराध्य भगवान श्रीराम अपने गर्भगृह में मुस्कुरा रहे हैं। वहीं, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जब बादल गरजते हैं तो आज भी हड्डियां दुखती हैं और कर्फ्यू वाली माता मंदिर का मैदान याद आता है। वह हमारा संघर्ष का इतिहास था, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है।

# प्रचार के दौरान नड्डा का विपक्ष पर निशाना

## कहा- पीएम मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर को देश से जोड़ा गया

**कोकराझार।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्यों को पूरे देश के साथ जोड़ने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व हुआ। उन्होंने कांग्रेस पर पूर्वोत्तर राज्यों को देश से अलग और नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने कहा कि विपक्षी गुट को लोगों के कल्याण की चिंता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी गुट केवल खुद को विभिन्न घोटालों से बचाने की कोशिश में लगी हुई है।




असम के कोकराझार में एनडीए उम्मीदवार जयंत बसुमतारी के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस की नीति पूर्वोत्तर को देश से अलग और नजरअंदाज करने का है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हिमंत विस्वा सरमा की सरकार है, जिन्होंने पूर्वोत्तर को पूरे देश से जोड़ने का काम किया। दस साल पहले जब आप दिल्ली जाते थे, तब वहां लोग आपसे यह पूछते थे कि आप किस देश से हैं। अब यह पूरी तरह से खत्म हो चुका है। पीएम मोदी के नेतृत्व में बोडो उग्रवादी संगठन के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर को लेकर नड्डा ने दावा किया कि पिछले दस वर्षों में इस क्षेत्र में विद्रोही हमलों और स्थानीय लोगों की मौत में कमी हुई है।

# चुनाव से ठीक पहले पीएम मोदी का उम्मीदवारों को पत्र

**नई दिल्ली।** रामनवमी के अवसर पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी बीजेपी और एनडीए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखा है। इस लेटर में पीएम मोदी ने सभी उम्मीदवारों को जीत का विश्वास दिलाया है। पीएम ने लिखा- आप सभी जनता के आशीर्वाद से संसद पहुंचेंगे। हमें मिलने वाला एक-एक वोट मजबूत सरकार की ओर बढ़ता कदम होगा।

# आईटीसीएम और आईटीआर मिसाइल का उड़ान परीक्षण सफल

**चांदीपुर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) और एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। इनकी लॉन्चिंग ओडिशा के तटीय क्षेत्र चांदीपुर से की गई।



रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार, परीक्षण के दौरान सभी सिस्टम से अपेक्षा के अनुसार प्रदर्शन किया। मिसाइल की निगरानी के लिए आईटीआर ने पूरे उड़ान मार्ग को विभिन्न रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम, टेलीमेट्री और कई रेंज सेंसर से लैस कर दिया था। मिशन में भारतीय वायुसेना ने भी सहायत की। सुखोई एसू-30 एमके-1 से भी पूरे उड़ान की निगरानी की गई थी। बयान के अनुसार, बेहतर और अधिक विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए मिसाइल को उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस किया गया है। मिसाइल को बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीई) सहित अन्य प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली द्वारा संचालित स्वदेशी लंबी दूरी की सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षा डीआरडीओ के लिए एक मील का पत्थर है।

# केजरीवाल जानबूझकर आम-मिठाई खा रहे, ताकि ब्लड शुगर बढ़े और जमानत मिल : ईडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार 18 अप्रैल को बड़ा आरोप लगाया। श्वष्ठ ने राउज एवेन्यू कोर्ट में कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है, लेकिन वह जेल में आलू पूड़ी, आम और मीठा खा रहे हैं।

# रामनवमी की शोभा यात्रा पर पथराव, चार घायल

## ममता बोलीं- भाजपा राज्य में हिंसा फैला रही

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मिदनापुर में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव में चार लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब रामनवमी शोभायात्रा बुधवार की रात 9-10 बजे इगरा के कॉलेज मोड़ से गुजर रही थी, तब कुछ लोगों ने इस पर पथराव किया। फिलहाल इस मामले में चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। इससे पहले मुर्शिदाबाद में भी रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। उन्होंने कहा, इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हम मामले की जांच कर रहे हैं। चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। भाजपा नेता और मिदनापुर से पार्टी के उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने इस पथराव का विरोध करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

# ईरान में फंसे जहाज से भारतीय महिला की सुरक्षित वापसी

**नई दिल्ली।** ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए इस्राइली अरबपति के जहाज पर सवार 17 भारतीय चालक दल में शामिल केरल की एन टेसा जोसेफ सुरक्षित भारत लौट आई हैं। गुरुवार को केरल के त्रिशूर की रहने वाली एन टेसा कोचीन हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उनका स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान के जरिए इस बारे में जानकारी दी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनकी सुरक्षित वापसी पर खुशी जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मोदी की गारंटी हमेशा काम करती है। फिर चाहे वो देश हो या विदेश। विदेश मंत्रालय ने



यह भी कहा कि तेहरान में भारतीय मिशन कंटेनर जहाज पर बचे शेष 16 भारतीय चालक दल के सदस्यों के संपर्क में है। जहाज वर्तमान में ईरानी नियंत्रण में है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत लौटी चालक दल की सदस्य ठीक हैं और वे अपने परिजनों के संपर्क में हैं। अन्य भारतीयों की स्वदेश वापसी के लिए भारतीय मिशन ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। शीघ्र ही उनकी भी वापसी होगी। इसे भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। ईरान की नौसेना ने 13 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ओमान की खाड़ी में भारत की ओर आ रहे इस्राइली अरबपति के इस जहाज को अपने कब्जे में ले लिया था। इस जहाज पर 17 भारतीय सवार थे।

सबसे पहले हेलीकॉप्टर से इस्राइली जहाज पर हमला किया गया था और इसके बाद ईरान की नौसेना ने इस पर कब्जा कर लिया था। इस जहाज का नाम एमएससी एरीज है और उसे आखिरी बार शुक्रवार को दुबई से होर्मुज की ओर जाते हुए देखा गया था। बताया गया है कि जहाज ने अपना ट्रैकिंग डाटा बंद किया हुआ था।

# 20 साल में कांग्रेस के युवा नेता की लॉन्चिंग नहीं हो पाई, प्रचार के दौरान राजनाथ का राहुल पर तंज

**पथानामथिट्टा।** भाजपा नेता और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि राहुल के पास अमेठी से चुनाव लड़ने का साहस नहीं है। दरअसल, 2019 लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की अमेठी और केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि, अमेठी से हार का सामना करने के बाद राहुल गांधी वायनाड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। केरल के पथानामथिट्टा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अनिल के. एंटनी के समर्थन में एक बैठक को



संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, मैंने ऐसा सुना है कि वायनाड की जनता ने उन्हें (राहुल गांधी) अपना सांसद बनाने से इनकार कर दिया है। भाजपा नेता ने आगे कहा, देश में अंतरिक्ष की विभिन्न परियोजनाएं शुरू की गई है, लेकिन पिछले 20 साल में कांग्रेस के युवा नेता की लॉन्चिंग नहीं हो पाई।

## झरोखा




# पुराने साथी ज्योतिरादित्य के लिए वोट मांग रहे पचौरी



**शिवपुरी।** मप्र की राजनीति में बीते दिनों कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी अब स्टार प्रचारक की भूमिका में हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने मप्र के गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में भी सक्रिय होकर भाजपा का प्रचार शुरू कर दिया है। इसी क्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी अपने पुराने साथी ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए भी पूरी सक्रियता के साथ प्रचार कर रहे हैं। पचौरी गुना-शिवपुरी में सुरेश पचौरी अपने पुराने साथी ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा कराए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए वोट मांग रहे हैं। खासकर शिवपुरी जिले में वे लगातार सक्रिय बने हुए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी लोगों से कह रहे हैं कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से शिवपुरी में मेडिकल कॉलेज आया। इसके अलावा सतनवाड़ा में एनटीपीसी इंजीनियरिंग कॉलेज, आरजीवी विश्वविद्यालय का कॉलेज खुला, ग्वालियर-गुना फोरलेन की मंजूरी सहित शिवपुरी में चारों ओर सड़कों का विकास कार्य का जिक्र भी वह अपने जनसंपर्क के दौरान कर रहे हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में सक्रिय होकर भाजपा का प्रचार कर रहे हैं। वे ब्राह्मण समाज के सम्मेलन में बीते दिनों शामिल हुए।

# यह चुनाव संविधान को बचाने की लड़ाई : राहुल

## आप पर बड़ी जिम्मेदारी, राहुल गांधी का कार्यकर्ताओं को संदेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान का चुनाव प्रचार थम गया है। सभी पार्टियों ने पहले चरण के चुनाव के जी-जान लगाकर चुनाव प्रचार किया। मतदान के एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को वीडियो संदेश भेजा है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है, इसलिए आप सभी पर बड़ी जिम्मेदारी है।



19 अप्रैल को देश में लोकसभा का पहले चरण का मतदान होना है। पहले चरण के मतदान के लिए सभी पार्टी ने अपने-अपने क्षेत्र में जमकर चुनाव प्रचार किया। एक-दूसरे की पार्टी पर जमकर बयानबाजी की। पार्टी के घोषणापत्रों पर भी खूब मीन-मेख निकाले गए। पहले चरण का चुनाव प्रचार थम चुका है। गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए एक वीडियो संदेश भेजा है। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने सभी को कहा कि यह चुनाव का समय है, तो जरूरी है आपसे सीधे बात की जाए। यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि आप कार्यकर्ताओं पर बढ़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं कहा कि आप सभी में दिल और दिमाग में पार्टी की विचारधारा बसी हुई है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा, आरएसएस भारत के लोकतांत्रिक विचार के खिलाफ है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि भाजपा का वार लोकतांत्रिक ढांचों का कमजोर कर रहा है। सभी उन्होंने कहा कि हमारी कानूनी ढांचे, चुनाव आयोग सहित सभी लोकतांत्रिक संस्थानों को आरएसएस, भाजपा से बचाने की आवश्यकता है। पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़कों पर, गांवों में हर जगह आरएसएस की विचारधारा वाले लोगों के खिलाफ लड़ते आए हैं। क्योंकि आप सभी रक्षक हैं। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि इस बार कांग्रेस भाजपा और उसकी विचारधारा को हराएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि देश की जनता को यह जानना चाहिए कि भाजपा उन पर किस तरह वार कर रही है। कांग्रेस के महासचिव ने एक्स पर एक पोस्ट किया है। जिसमें उन्होंने राहुल गांधी का वीडियो संदेश सभी का देखने का अनुरोध करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले राहुल का संदेश देखना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार मोदी सरकार का जाना तय है। बस 4 जून का इंतजार है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच चुनाव सामग्री वितरित-मतदान दल रवाना

## मतदान दल निर्धारित मतदान केन्द्रों में पहुचे-शुरू हुई मतदान की तैयारी

**सिंगरौली।** लोकसभा निर्वाचन सीधी संसदीय क्षेत्र के लिए सिंगरौली जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्रों के कुल 817 मतदान केन्द्रों के लिए पालीटेक्नीक कालेज बैढ़न से मतदान दल रवाना हुयें। कड़ी सुरंक्षा के बीच मतदान सामंग्री तथा व्हीव्हीपैट ईव्हीएम का वितरण किया गया। सामंग्री वितरण के लिए विधानसभा वार अलग अलग काउंटर बनाये गये थे। मतदान समंग्री वितरण का भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक निमिति पटेल आई.आर.एस के द्वारा अवलोकन किया गया। एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला तथा पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता कि निगरानी में चुनाव सामंग्री का वितरण किया गया।



मतदान दलो को तीनो विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग अलग सामग्री वितरण हेतु काउंटर बनाये गये थे। सामंग्री वितरण के लिए चितरंगी विधानसभा एवं देवसर विधानसभा के लिए 14-14 और सिंगरौली विधानसभा के लिए 13 काउटर बनाये गये थे। तीनो विधानसभा क्षेत्रो के लिए 3592 अधिकारी कर्मचारी लगाये गये है। सभी पीठासीन अधिकारियों को चुनाव समांग्री वितरित करने के बाद मतदान दिवस में कि जाने वाली कार्यवाहियों की सिलसिलेवार जानकारी दी गई। उन्हें मतदान प्रतिषत एप में हर 2 घण्टे मतदान कि जानकारी दर्ज करने तथा मतदान केन्द्र में मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दियें गयें। सभी मतदान दल जीपीएस लगे वाहनों से सुरंक्षा कर्मियों के साथ अपने सेक्टर आफीसर कि निगरानी में मतदान केन्द्रो के लिए रवाना हुये।

सामंग्री वितरण एवं रवानगी के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद झा, अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार बर्मा, संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम माड़ा राजेश शुक्ला, एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा, देवसर अखिलेश सिंह, चितरंगी सुरेश जाधव, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा सहित सामांग्री वितरण में लगे हुये अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मतदान के पहले होगा माकपोल

**सिंगरौली।** लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले के तीनों विधान सभा क्षेत्रों में मतदान के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान इलैक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों से कराया जाएगा। वास्तविक मतदान प्रारंभ होने से पहले माकपोल यानी दिखावटी मतदान कराया जाएगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि मतदान दल के सदस्य मतदान प्रारंभ होने से एक घण्टा पूर्व माकपोल कराएंगे। माकपोल कराने के समय की सूचना मतदान के पूर्व सभी मतदान एजेण्टों को दे दी गई है। एजेण्टों की उपस्थिति में ही माकपोल कराया जाएगा। यदि एजेण्ट निर्धारित समय पर उपस्थित नही होते हैं तो भी माकपोल की कार्यवाही की जाएगी। माकपोल में इलैक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से मतदान का प्रदर्शन किया जाता है। मतदान एजेण्टों के द्वारा मतदान कराया जाता है।

पीठासीन अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि प्रत्येक उम्मीदवार के एजेण्ट से समान संख्या में मतदान कराएं। इसके बाद एजेण्टों को वोटिंग मशीन में डाले गए कुल मतों की जानकारी रिजल्ट खण्ड के माध्यम से प्रदर्शित की जाएगी। इसके बाद क्लियर बटन से माकपोल दिए गए सभी मत हटा दिए जाएंगे। अब वोटिंग मशीन वास्तविक मतदान के लिए तैयार हो जाएगी। एजेण्टों की उपस्थिति में मशीन की सीलिंग करके तथा निर्धारित स्थान पर उनके हस्ताक्षर कराकर निर्धारित समय पर मतदान प्रारंभ किया जाएगा। निर्धारित प्रपत्र में पीठासीन अधिकारी माकपोल का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करेंगे। माकपोल कराए बिना वास्तविक मतदान प्रारंभ नही होगा।

## कलेक्टर ने मतदाताओं से की मतदान की अपील

**सिंगरौली।** लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले की तीनों विधान सभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने सभी मतदाताओं से निर्भय होकर मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा है कि मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए कडे प्रबंध किए जा रहे हैं। सभी मतदाता निर्भय होकर तथा दबाव मुक्त होकर निष्पक्षता से मतदान करें। सभी को फोटोयुक्त मतदाता परिचय प्रदान कर दिया गया है। इस परिचय पत्र को साथ लेकर मतदान करें। कलेक्टर ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार के उपयोग की अपील की है

# मतदान के लिए श्रमिको को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**सिंगरौली।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के दिन 19 अप्रैल को किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने इस संबंध में बताया कि श्रमिकों को मतदान के लिए अवकाश का प्रावधान किया गया है। सभी संस्थाओं, कंम्पनियों, औद्योगिक इकाईयों, शासकीय तथा अर्द्धशासकीय औद्योगिक इकाईयों तथा दुकानो में कार्यरत श्रमिकों को मतदान के लिए अवकाश दिया जाएगा। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 में निहित प्रावधानों के मुताबिक लागू रहेंगे।

कलेक्टर ने बताया कि श्रम आयुक्त द्वारा भी इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुसार मतदान के दिन दैनिक, आकस्मिक निधि से वेतन पाने वाले मजदूर को मतदान के लिये सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जायेगा। अवकाश अवधि में उसका वेतन भत्ता नहीं काटा जायेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यवसाय स्वामी (नियोक्ता) को जुर्माने से दंडित किया जायेगा। यह आदेश ऐसे निर्वाचकों पर लागू नहीं होंगे जिनकी अनुपस्थिति में नियोजन में कोई खतरा या हानि हो सकती है। जो औद्योगिक ईकाइयाँ तथा संस्थाएं 24 घण्टे संचालित होती हैं उनके द्वारा मजदूरों को मतदान के लिए प्रत्येक पाली में दो-दो घण्टे का अवकाश दिया जाएगा।

# महिला मतदान दल के सदस्यो ने बड़े उत्साह के साथ मतदान से संबंधित सामंग्री प्राप्त किये

**सिंगरौली।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11 सीधी जिला सिंगरौली के तीनो विधानसभाओं में कुल 36 पिंक मतदान केन्द्र तैयार किये गये है सभी पिंक मतदान केन्द्रो में महिला मतदान दलो का गठन किया गया है। पालीटेक्निक कालेज पचौर बैढ़न में ईव्हीएम मशीन वितरण हेतु विधानसभा वार काउंटर तैयार कराये गये है। महिला मतदान दल के लगे सदस्यो के द्वारा अपने अपने मतदान केन्द्रो के लिए निर्धारित काउंटरो में बड़े ही उत्साह के साथ निर्वाचन से संबंधित सामंग्री प्राप्त किया। तथा निर्धारित वाहनो से कड़ी सुरंक्षा व्यवस्था के साथ मतदान केन्द्रो के लिए रवाना हुये।



# मतदान हेतु पहचान के लिए कोई एक दस्तावेज जरूरी

**सिंगरौली**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह निर्देश दिए गये हैं कि मतदाताओं को मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा शत प्रतिशत मतदान को दृष्टिगत रखते हुए यह व्यवस्था की गई है कि मतदाता को मतदाता फोटो परिचय पत्र (इपिक) के अतिरिक्त मतदान करने के लिए 12 अन्य दस्तावेजों में से कोई एक मतदान केन्द्र में प्रस्तुत करना होगा। वोटर आईडी कार्ड तथा मतदाता पर्ची के अभाव में जो दस्तावेज मतदान के लिए आवश्यक होंगे उनमें पासपोर्ट, राज्य या केन्द्र सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय या अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर पासबुक, पेन कार्ड,स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, पेंशन प्रमाण पत्र, निर्वाचन फोटो वोटर स्लिप, ऑफीशियल पहचान पत्र तथा फोटोयुक्त आधार कार्ड के द्वारा मतदान किया जा सकेगा।

## आज प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

**सिंगरौली।** लोकसभा निर्वाचन के लिए सिंगरौली जिले की तीनो विधानसभा क्षेत्रों सिंगरौली, देवसर तथा चितरंगी में 19 अप्रैल को मतदान कराया जायेगा।मतदान प्रात: 7 बजे आरंभ होगा यह शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। इस अवधि में जिलें के तीनो विधानसभा क्षेत्रों में 817 मतदान केन्द्रों में 7 लाख 13 हजार 309 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेगे। इनमें 3 लाख 70 हजार 422 पुरूष तथा 3 लाख 42 हजार 860 महिला मतदाताओं को मतदान का अवसर मिलेगा। थर्ड जेन्डर के 7 मतदाता भी मतदान करेगे। मतदान के लिए सभी केन्द्रों में आवश्यक प्रबंध कियें गये है।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा जन प्रतिनिधियो के उपस्थिति में खोला गया स्ट्रांग रूम

**सिंगरौली।** सीधी संसदीय क्षेत्र 11 लोकसभा निर्वाचन 2024 सिंगरौली जिले के तीनो विधानसभाओं का स्ट्रांग रूम पोलीटेक्निक कालेज पचौर बैढ़न में निर्मित किया गया है। जिसमें ईव्हीएम मशीनो सुरंक्षित रखी गई है। आज दिनांक 18 अप्रैल 2024 को प्रात: निर्धारित समय पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रशेखर शुक्ला एवं मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो के उपस्थिति में ईव्हीएम मशीनो के वितरण हेतु स्ट्रांग रूम खोला गया। तथा



मशीनो का वितरण विधानसभावार किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद झा, अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार बर्मा,संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, अखिलेश सिंह, सुरेश जाधव, सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## मतदान के लिए 19 अप्रैल को रहेगा अवकाश

**सिंगरौली।** लोकसभा चुनाव के लिए सीधी संसदीय क्षेत्र क्रमांक 11 में 19 अप्रैल को मतदान होगा। शासन द्वारा 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि यह अवकाश निगोशिएबल इंस्ट्रुमेन्ट एक्ट के तहत घोषित किया गया है। यह अवकाश सभी शिक्षण संस्थाओं, शासकीय, अशासकीय कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, दुकानों तथा कारखानों पर लागू होगा। उन्होंने कहा है कि जो कारखाने तथा उत्पादन इकाईयां लगातार कार्य कर रही हैं उनके कर्मचारियों एवं मजदूरों को क्रम से पारी बनाकर सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। सभी दुकान तथा प्रतिष्ठान संचालक अपने कर्मचारियों को मतदान के लिए पूरा अवकाश दें।

## मतदान का समय प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान के लिए सीधी जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए 1208 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतदान समाप्ति के समय यदि कोई मतदाता मतदान केन्द्र के परिसर में आ जाता है तो पीठीसीन अधिकारी उसे पर्ची देकर मतदान कराएंगे। निर्धारित समय समाप्ति से पाँच मिनट पहले तक परिसर में जितने भी मतदाता मतदान के लिए शेष होंगे उन सबको पीठासीन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित पर्ची दी जाएगी।

## विंध्याचल को 32वीं कारपोरेट कम्यूनिकेशन मीट में दो पुरस्कारों से किया गया सम्मानित

**सिंगरौली।** देश के सर्वाधिक विद्युत उत्पादन क्षमता वाले एनटीपीसी के विंध्याचल परियोजना ने एक बार फिर पुरस्कारों की झड़ी लगाते हुए एक नया आयाम स्थापित किया है। विंध्याचल ने नैगम सम्प्रेषण एवं जनसंपर्क के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कारपोरेट स्तर के अलग-अलग कैटेगरी के दो पुरस्कार प्राप्त कर अपना परचम लहराया है । दिनांक 7 और 8 अप्रैल को लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय 32वीं कारपोरेट कम्यूनिकेशन मीट में एनटीपीसी विंध्याचल को फीचर स्टोरी गोल्ड प्रथम और लघु फिल्म कांस्य द्वितीय अवार्ड से पुरस्कार से नवाजा गया। कारपोरेट कम्यूनिकेशन मीट के उदघाटन सत्र के दौरान कारपोरेट स्तर के अलग-अलग कैटेगरी के पुरस्कारों की घोषणा की गई । एनटीपीसी विंध्याचल को अलग-अलग कैटेगरी में दो पुरस्कार हासिल हुए । यह पुरस्कार मुख्य अतिथि निदेशक मानव संसाधन दिलीप कुमार पटेल, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक उत्तरएन एस राव, कार्यकरी निदेशक नैगम संचार, हरजीत सिंह, महाप्रबंधक नैगम संचार के एम प्रशांत एवं क्षेत्रीय विभागाध्यक्ष मानव संसाधन,ए के डांग के कर कमलों से एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना की ओर से कार्यपालक नैगम संचार सुश्री शिक्षा गुप्ता ने प्राप्त किया ।

# कमिश्नर एवं एडीजीपी ने किया कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण

## मतदान के दौरान केन्द्र की गतिविधियों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में जिले के चार विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट, 77-सीधी, 78-सिहावल तथा 82 धौहनी शामिल है। शुक्रवार को 1208 मतदान केन्द्रों में मतदान होगा जिसमें 211 क्रिटिकल मतदान केन्द्र तथा 40 शैडो मतदान केन्द्र शामिल है। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए कन्ट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कमिश्नर रीवा संभाग गोपाल चन्द्र डांड तथा एडीजीपी महेन्द्र सिंह शिकरवार द्वारा कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव उपस्थित रहें। कमिश्नर श्री डांड ने कन्ट्रोल रूम को मतदान समाप्ति के बाद मशीनों के स्ट्रांग रूम में जमा होने तक जिले की गतिविधियों की कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि मतदान केन्द्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल संबंधित पीठासीन अधिकारी तथा सेक्टर अधिकारी से संपर्क करेंगे एवं वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करेंगे।

उक्त के संबंध में तत्काल आरओ तथा संबंधित एआरओ को अवगत करायेंगे। कमिश्नर ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। उल्लेखनीय है कि जिले के 720 मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है।

## मतदान के दिन हर 2 घण्टे मिलेगी मतदान प्रतिशत की जानकारी

**सिंगरौली।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान केन्द्रों पर होने वाले मतदान के प्रतिशत की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मोबाईल एप तैयार किया गया है। एप का उपयोग पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1 एवं सेक्टर ऑफिसर द्वारा किया जायेगा। एंड्रॉइड फोन के प्ले स्टोर में जाकर एप डाउनलोड कर उपयोगकर्ता को अपने मोबाईल नम्बर से लॉगिन करना होगा। इस प्रकार प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु पंजीकृत मोबाईल नम्बर से ही उपरोक्त एप का उपयोग किया जा सकेगा।

मतदान प्रतिशत कि जानकारी तथा चुनाव संबंधी अन्य जानकारिया प्राप्त करने के लिए कलेक्ट्रट सभागार में कम्यूनिकेशन सेंटर बनाया गया है। इसमें विधानसभा वार दल तैनात किये गये है। प्रत्येक मतदान केन्द्र से मतदान प्रतिशत कि जानकारी प्राप्त कर उसे निर्वाचन आयोग को ऑन लाईन भेजा जायेगा। पीठासीन अधिकारी तथा सेक्टर आफीसर अपने लागिंग से मतदान प्रतिशत की जानकारी दर्ज करेगे। अंतिम रूप से जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा तैयार की जायेगी।

# मतदान के लिए तैयार है सीधी, मतदान केंद्रों में कई गई आकर्षक सजावट

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में जिले के चार विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट, 77-सीधी, 78-सिहावल तथा 82-धौहनी शामिल हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों में बनाये गये 1208 मतदान केन्द्रों में 10 लाख 35 हजार 505 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों में ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही जिले में 10 आदर्श मतदान केंद्र भी बनाये गए हैं।



सीधी शहर के बुनियादी शिक्षा संस्थान सीधी के मतदान केंद्र क्रमांक 216, 224, 225 एवं 226 को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। मतदान केंद्र को आकर्षक रूप से सजाया गया है। मतदाताओं के उत्साह को बढ़ाने के लिए सेल्फी प्वाइंट, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं के विश्राम की व्यवस्था की गई है। छोटे बच्चों के लिए खिलौने भी रखे गए हैं।

विधानसभा क्षेत्र सीधी के मतदान केंद्र क्रमांक 51-पनवार चौहानन टोला को हरित मतदान केंद्र के रूप सजाया गया है। लोक संस्कृति से प्रेरित होकर मतदान केंद्र की परंपरागत ढंग से सजावट की गई है जो अद्वितीय और अनुपम है। यह लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

# 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक भी दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**सीधी।** यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेगा। आयोग के निर्देशानुसार सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा। 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/ पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/ विधायकों/ एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है । अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

# कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण का किया अवलोकन, मतदान दल रवाना

सीधी

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में चार विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट, 77-सीधी, 78-सिहावल तथा 82-धौहनी शामिल हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों में बनाये गये 1208 मतदान केन्द्रों में 10 लाख 35 हजार 505 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। 1208 मतदान केन्द्र में 211 क्रिटिकल मतदान केन्द्र, 40 शैडो मतदान केन्द्र शामिल हैं। मतदान कराने के लिए सभी मतदान दल शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी पुराना भवन से निर्धारित बसों से रवाना हुए देर शाम तक सभी मतदान दल



निर्धारित मतदान केन्द्र में पहुंच गये हैं। मतदान दलों को जीपीएस लगे वाहनों से भेजा गया है। इसी से दलों के पहुंचने की मानीटरिंग की गयी। शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी पुराना भवन परिसर में प्रात: काल से ही उत्सव जैसा वातावरण रहा। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर स्वरोचिष सोमवंशी तथा अभ्यर्थियों एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी (पुराना भवन) में बनाए गए स्ट्रांग रूम को खोला गया, जिसके उपरांत सामग्री वितरण का कार्य प्रारंभ हुआ। कलेक्टर श्री सोमवंशी के निर्देशन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल धोटे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने मतदान दलों के लिए समुचित व्यवस्थायें सुनिश्चित की थी। विधानसभावार बनाये गये अलग-अलग काउंटरों से मतदान दलों ने मतदान सामग्री और ईव्हीएम प्राप्त की। पंडाल में बैठकर चेकलिस्ट के साथ मतदान सामग्री का मिलान किया। इसके बाद निर्धारित वाहनों से सुरक्षा कर्मचारियों के साथ मतदान दल ने प्रस्थान किया। मतदान दलों के सामग्री वितरण स्थल पर अलग-अलग कलर कोड के माध्यम से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी, जिससे उनमें किसी भी प्रकार का भटकाव नहीं हो। मतदान दलों के लिए विधानसभावार अलग-अलग पार्किंग स्थलों पर बसें तथा चार पहिया वाहनों की व्यवस्था की गयी थी।

कलेक्टर श्री सोमवंशी ने शुभकामनाओं सहित प्रोत्साहित कर मतदान दलों को रवाना किया। कलेक्टर ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मतदान केंद्रों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। निर्भीक होकर आयोग के निर्देशानुसार त्रुटिरहित एवं निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न करायें। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने मतदान केंद्रों के पीठासीन अधिकारियों से सतत संपर्क में रहने को कहा है। पूरे उत्साह और प्रसन्नता के साथ मतदान दलों ने मतदान केन्द्रों के लिए प्रस्थान किया।

# जिले में बनाए गए 34 महिला, 10 आदर्श और एक दिव्यांग मतदान केंद्र

## महिला मतदान कर्मियों में आयोग की टीम का हिस्सा बनने से विशेष उत्साह

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में सीधी जिले के चार विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट, 77-सीधी, 78-सिहावल तथा 82-धौहनी शामिल हैं। जिले में कुल 34 मतदान केंद्र ऐसे बनाए गए हैं जिसके मतदान दल में सभी महिला अधिकारी और कर्मचारी लगाए गए हैं। चुरहट में 5, सीधी में 14, सिहावल में 6 और धौहनी में 9 महिला अधिकारियों द्वारा संचालित मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसी प्रकार एक दिव्यांग मतदान दल द्वारा संचालित मतदान केंद्र बनाया गया है। इसके साथ ही जिले में 10



आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र चुरहट में एक, सीधी में 8 और धौहनी में 1 आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है।

सामग्री वितरण स्थल पर मतदान दल में सम्मिलित महिला अधिकारियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उनमें से कई अधिकारियों के लिए यह पहला अवसर होगा। उन्होंने कहा कि यह गर्व का क्षण है कि उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने पूरी निष्ठा से निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित निर्वाचन सम्पन्न कराने का विश्वास जताया है।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से की मतदान की अपील



**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में जिले के चार विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट, 77-सीधी, 78-सिहावल तथा 82-धौहनी शामिल हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों में बनाये गये 1207 मतदान केन्द्रों में 10 लाख 35 हजार 505 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने सभी मतदाताओं से निर्भय होकर मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा है कि मतदान शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए कड़े प्रबंध किए गए हैं। मतदाता स्वयं मतदान करने के साथ अन्य मतदाताओं को भी मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित करें। सभी मतदाता निर्भय होकर तथा दबाव मुक्त होकर निष्पक्षता से मतदान करें। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए मतदान केंद्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। सभी स्थानों में छायादार स्थान, शुद्ध पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। दिव्यांगों, बुजुर्ग व्यक्तियों के मतदान के लिए भी व्यवस्थाएं की गई हैं।कलेक्टर ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार के उपयोग की अपील की है।

# मतदान के लिए 19 अप्रैल को श्रमिकों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**सीधी।** श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश के समस्त संसदीय क्षेत्रों में लोकसभा के आम निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम 2024 जारी किया गया है। उक्त निर्धारित कार्यक्रम अनुसार राज्य के संसदीय क्षेत्र-11 सीधी में दिनांक 19.04.2024 को मतदान होगा।

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के पत्र दिनांक 16.03.2024 में अवगत कराया गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ख के प्रावधानुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवसों को किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने हेतु सवैतनिक अवकाश प्रदान किये जाने के निर्देश है तथा यह उल्लेख है कि यह निर्देश ऐसे निर्वाचकों पर लागू नहीं होगें जिनकी अनुपस्थिति से उस नियोजन में कोई खतरा या सारवान हानि स्वेद्ध हो सकती है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक वेतनध्आकस्मिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होगें। इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरूद्ध दण्ड के प्रावधान हैं।

उन्होंने दिनांक 19.04.2024 को होने वाले लोकसभा संसदीय क्षेत्र-11 सीधी निर्वाचन 2024 के दिनांक को जिले के सभी कारोबारी व्यवसाइयों तथा अन्य औद्योगिक उपक्रम स्थापना के प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने संस्थान में कार्यरत सभी कामगारों को लोकसभा निर्वाचन में मताधिकार को उपयोग सुविधाजनक एवं निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने की दृष्टि से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के उक्त प्रावधान का परिपालन सुनिश्चित करते हुए मतदान दिवस 19.04.2024 को समस्त श्रेणी के कामगारों को सवैतनिक अवकाश अनिवार्यत: प्रदान करेंगे।

उपर्युक्त निर्देशों का समुचित परिपालन जिले के कारखानों के अधिभोगीगणों, प्रबंधकों तथा दुकानों, व्यवसायियों, कारोबारियों एवं वाणिज्यिक स्थापनाओं के नियोजकों तथा प्रबंधकों द्वारा सुनिश्चित किया जावे।

# वोटिंग मशीन में होगा नोटा का भी बटन

सीधी

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा वोटिंग मशीन में नोटा का भी बटन लगाया गया है। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने बताया कि यदि कोई मतदाता मतदान केन्द्र में प्रवेश करने के बाद उसकी पहचान सुनिश्चित होने के बाद अपना मत किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में नहीं देना चाहता है तो उसके लिए उपरोक्त में से कोई नही नन आफ दी एवव एवं नोटा का बटन रहेगा। इसको दबाने पर किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में मत अंकित नहीं होगा। इस बटन का उपयोग करने वाले मतदाताओं की गोपनीयता भंग नहीं की जाएगी। बटन पर हिन्दी भाषा में नोटा लिखा रहेगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में उम्मीदवारों की कुल संख्या 17 है अगला 18वां बटन नोटा है। मतगणना के समय भी नोटा में दर्ज मत अलग से प्रदर्शित किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नियम 49-ण के अनुसार यदि किसी मामले में नोटा के संबंध में दिए गए मतों की संख्या चुनाव में शामिल अन्य उम्मीदवारों को प्राप्त मतों से अधिक है तो नियम 64 के प्रावधान के अनुसार अन्य उम्मीदवारों के बीच जिस उम्मीदवार को अधिक मत प्राप्त हुए है उसे निर्वाचित घोषित किया जाएगा।

# रिस्ट बैंड के माध्यम से पीठासीन अधिकारियों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



**सीधी।** मतदान के दौरान होने वाली त्रुटियों को रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सीधी श्री स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में पीठासीन अधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारियों की चेक लिस्ट के साथ-साथ सर्वाधिक महत्वपूर्ण जानकारी (माकपोल के बाद सीआरसी एवं मतदान समाप्ति के बाद क्लोज बटन दबाएं) की रिस्ट बैंड बांधी गई है। इसके साथ ही जिले का कंट्रोल रूम सतत रूप से पीठासीन अधिकारियों के संपर्क में रहेगा तथा उनकी शंकाओं और समस्याओं का तत्परता से निराकरण किया जावेगा।

# मतदान केन्द्र के 100 मीटर की दूरी के भीतर कोई प्रचार नहीं किया जायेगा

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान दिनांक 19.04.2024 को मतदान केन्द्र के 100 मीटर की दूरी के भीतर मतदान केन्द्र या किसी भी सार्वजनिक या निजी स्थान के भीतर कोई प्रचार नहीं किया जायेगा। मतदान दिनांक 19.04.2024 को निर्वाचन सम्पन्न होने तक मतदान केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति मोबाइल, कार्डलेस फोन्स का उपयोग नहीं करेगा, परन्तु यह प्रतिबंध पीठासीन अधिकारी एवं निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक, सुरक्षा में लगे अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। उक्त अधिकारियों को भी अपना मोबाइल साइलेंट मोड में रखना होगा। पोलिंग बूथ के 100 मीटर के भीतर अभियान संबंधित कोई भी पोस्टर या बैनर नही रहेंगेध्लगेंगे। मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारकों, मेगा फोन आदि किसी भी उपकरण द्वारा मानवीय स्वर को परिवर्धित करने या पुन: प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं होगी। उल्लंघन के मामले में इस तरह के तंत्र को जब्त कर लिया जायेगा तथा दण्डात्मक कार्यवाही भी की जावेगी।

मतदाताओं को अशासकीय मतदाता पहचान पर्ची जारी करने हेतु मतदान केन्द्रों की परिधि के 200 मीटर के अन्दर कोई बूथ स्थापित नहीं किया जायेगा। एक ही परिसर में एक से अधिक मतदान केन्द्र होने पर भी ऐसे परिसरों में 200 मीटर की दूरी पर ऐसे मतदान केन्द्रों के लिए एक उम्मीदवार के लिए एक ही बूथ बनाया जायेगा। ऐसे बूथ पर केवल एक मेंज एवं दो कुर्सियां (बिना शामियाना /तम्बू) रखी जा सकेगी। ऐसे बूथ पर केवल 3म1.50 वर्गफीट का बैनर लगाया जा सकेगा, जिस पर अभ्यर्थी का नाम उसका दल एवं चुनाव चिन्ह लिखा जा सकता है। मतदान के दिन मतदान केन्द्र/अभ्यर्थी के बूथ पर बैठने वाले मतदान एजेंट ध्कार्यकर्ता के लिए यह आवश्यक होगा कि वह उसी मतदान केन्द्रध्पड़ोस के मतदान केन्द्र का वोटर हो और उसके पास साथ में फोटो परिचय पत्र अथवा शासन द्वारा जारी किया गया ऐसा पहचान पत्र हो, जिस पर उसका फोटो लगा हो। ऐसे बूथ बनवाने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को पहले से लिखित रूप में सहायक रिटर्निंग आफीसर को उन मतदान केन्द्रों के नाम और क्रम संख्या बतानी चाहिए, जहां ऐसे बूथ उसके द्वारा स्थापित करवाए जाते हैं। ऐसे बूथ स्थापित करने से पहले इसे संगत स्थानीय कानून के अधीन, संबंधित सरकारी प्राधिकरणों अथवा स्थानीय प्राधिकरणों जैसे-नगर पालिकाओं, नगर परिषदों, शहरी क्षेत्र समितियां आदि की लिखित अनुमति भी लेनी होगी। बूथ प्रबंधकों को पुलिस/संबंधित निर्वाचन प्राधिकारियों के द्वारा मांग करने पर इस प्रकार की लिखित अनुमति प्रस्तुत करना होगा।

# मतदान दलों की शंकाओं का किया गया समाधान



**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी (पुराना भवन) में किया गया। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मतदान दलों के ईव्हीएम संबंधी शंकाओं का समाधान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया गया। आवश्यकतानुसार उन्हें हैंड्स ऑन प्रशिक्षण भी दिया गया।

# संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में आज होगा मतदान

## जिले के 1208 मतदान केन्द्रों में 1035505 मतदाता करेंगे मतदान

सीधी

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में चार विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट, 77-सीधी, 78-सिहावल तथा 82-धौहनी शामिल हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों में बनाये गये 1208 मतदान केन्द्रों में 10 लाख 35 हजार 505 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मतदान की सुविधा के लिए मतदाताओं को बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची दी गयी है। मतदाता पर्ची तथा ईपिक कार्ड अथवा 12 में से कोई एक फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ मतदाता मतदान कर सकते हैं। उचित पहचान के बिना मतदान का अवसर नहीं मिलेगा।

विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट के 313 मतदान केंद्रों में 138264 पुरुष तथा 127854 महिला कुल 266120 मतदाता मतदान करेंगे। विधानसभा क्षेत्र 77-सीधी के 292 मतदान केंद्रों में 133991 पुरुष, 125212 महिला तथा 2 अन्य मतदाता सहित कुल 259206 मतदाता मतदान करेंगे।विधानसभा क्षेत्र 78-सिहावल के 305 मतदान केंद्रों में 133839 पुरुष, 121466 महिला तथा 3 अन्य मतदाता सहित कुल 255308 मतदाता मतदान करेंगे। विधानसभा क्षेत्र 82-धौहनी के 298 मतदान केंद्रों में 130923 पुरुष, 123948 महिला तथा 1 अन्य मतदाता सहित कुल 254871 मतदाता मतदान करेंगे। इस प्रकार 19 अप्रैल को जिले में कुल 5 लाख 37 हजार 17 पुरूष मतदाता, 4 लाख 98 हजार 480 महिला मतदाता तथा 06 अन्य मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मतदान दल में शामिल जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सुरक्षा बलों के सदस्यों को ईडीसी प्रदान किया गया है जिसके माध्यम से वह किसी भी मतदान केंद्र में मतदान कर सकेंगे।

# मतदान दिवस के दिन अभ्यर्थी को सशर्त वाहन उपयोग की पात्रता होगी

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान दिवस के दिन अभ्यर्थी को उसके स्वयं के उपयोग हेतु एक वाहन सम्पूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु, अभ्यर्थी के चुनाव एजेंट को एक वाहन सम्पूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु तथा अभ्यर्थी के कार्यकर्ताओं/दलीय कार्यकर्ताओं के उपयोग हेतु एक वाहन प्रति विधानसभा क्षेत्र हेतु उपयोग की अनुमति रहेगी। अभ्यर्थी को आवंटित वाहन का अभ्यर्थी की अनुपस्थिति में अन्य कोई व्यक्ति उपयोग नहीं कर सकेगा। उक्त वाहनों में ड्राइवर सहित अधिकतम 05 व्यक्ति ही बैठ सकेंगे। उक्त वाहनों के अतिरिक्त किसी भी नेता द्वारा किसी अन्य वाहन को इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी। वाहनों के उपयोग से पूर्व उसकी लिखित अनुमति रिटर्निंग आफिसर से प्राप्त करना आवश्यक होगा। जिन वाहनों को उक्तानुसार अनुमति प्रदाय की जावेगी, उन वाहनों के अगले शीशे पर प्रदाय की गई अनुमति आदेश की मूल प्रति (फोटोकॉपी नही) चस्पा करना होगा। आवंटित वाहनों पर किसी प्रकार के पोस्ट/प्लेकार्ड/बैनर/झण्डा नहीं लगा सकेंगे। वाहनों पर आने वाले व्यय का लेखा-जोखा निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये आय-व्यय रजिस्टर में रखना आवश्यक होगा, जिसका अवलोकन आयोग के प्रेक्षकों को भी उनके निर्देशानुसार समय-समय पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इन वाहनों द्वारा मतदाताओं को ढोने पर भ्रष्ट आचरण अधिनियम, 1951 की धारा 133 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123(5) के अधीन कार्यवाही की जायेगी।

# उम्मीदवारों को मिलेगा मतदान केन्द्र में प्रवेश

**सीधी।** मतदान के दिन उम्मीदवारों तथा उनके चुनाव अभिकर्ताओं को मतदान केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। उन्हें रिटर्निंग आफीसर द्वारा जारी पहचान पत्र के साथ मतदान केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने बताया कि मतदान केन्द्र में सुरक्षा कर्मचारी प्रवेश नहीं करेंगे। यदि किसी उम्मीदवार को सुरक्षा सैनिक प्राप्त है तो उम्मीदवार को मतदान केन्द्र में प्रवेश मिलेगा किन्तु उसके सुरक्षा कर्मी मतदान केन्द्र के बाहर ही रहेंगे। मतदान की अवधि में चुनाव कार्य के लिए तैनात सभी अधिकारियों को भी मतदान केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वैध प्रवेश पत्र प्राप्त पत्रकारों को भी मतदान केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। लेकिन मतदान के गोपनीय कक्ष में किसी भी व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। उस कक्ष में केवल मतदान के लिए मतदाता ही जा सकेगा। वोटिंग मशीन में किसी तरह की खराबी या त्रुटि होने पर मतदान एजेण्टों के साथ पीठासीन अधिकारी गोपनीय कक्ष में प्रवेश कर कठिनाई दूर करने का प्रयास करेंगे।

# मतदान केन्द्र में मोबाइल फोन का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित

सीधी

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए सभी मतदान केन्द्रों में पूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गयी हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान केन्द्र के अंदर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारियों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट तथा कैमरे का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 132 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि मतदान केन्द्र में केवल निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग आफीसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा पीठासीन अधिकारी ही आवश्यकता होने पर मोबाइल फोन का उपयोग कर सकेंगे। मतदाता तथा अन्य व्यक्ति मतदान केन्द्र में मोबाइल फोन लेकर न आएं। मोबाइल फोन के साथ मतदान केन्द्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मीडिया कर्मियों को प्राधिकृत पत्र जारी किये गये हैं। इस प्रवेश पत्र के साथ ही मीडिया कर्मी मतदान परिसर में प्रवेश कर सकेंगे। मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी के निर्देशों के अनुसार ही कार्य संपादन की अनुमति होगी। मीडिया कर्मी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कव्हरेज करते समय किसी भी स्थिति में मतदान की गोपनीयता भंग न हो तथा मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। मीडिया कर्मी मतदान केन्द्र के 100 मीटर के परिधि के बाहर ही किसी व्यक्ति या मतदाता का इंटरव्यू ले सकेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का पालन करते हुए सभी पत्रकार निर्वाचन कार्य का कव्हरेज करेंगे।

# मतदान के लिए रहेगा 19 अप्रैल को अवकाश

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। शासन द्वारा 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि यह अवकाश निगोशिएबल इंस्ट्रुमेन्ट एक्ट के तहत घोषित किया गया है। यह अवकाश सभी शिक्षण संस्थाओं, शासकीय, अशासकीय कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, दुकानों तथा कारखानों पर लागू होगा। उन्होंने कहा है कि जो कारखाने तथा उत्पादन इकाईयां लगातार कार्य कर रही हैं उनके कर्मचारियों एवं मजदूरों को क्रम से पारी बनाकर सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा।

## संपादकीय

# नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के पहले नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने में सफलता पाई है। इससे स्थानीय नागरिकों में सही संदेश जाएगा तथा नक्सलियों को झटका लगा है। पुलिस के मुताबिक खुफिया जानकारी के आधार पर उसने नक्सलियों के गढ़ पर जोरदार हमला किया, जिसमें 29 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें तीन तो इनामी कमांडर हैं। नक्सलियों से भारी तादाद में आधुनिक हथियार भी बरामद हुए हैं। हालांकि इस कार्रवाई में तीन पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं, लेकिन उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। पुलिस और नक्सलियों के बीच यह मुठभेड़ बस्तर में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के ठीक पहले कांकेर के छोटेबेटिया के जंगल में हुई। नक्सलियों ने स्थानीय नागरिकों से मतदान का बहिष्कार करने की अपील की थी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई पर सभी सुरक्षा कर्मियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद विकास, शांति और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। सुरक्षा बलों का यह संयुक्त इंटेलिजेंस बेस, जिसमें बीएसएफ के साथ-साथ डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड की टीमें शामिल थीं। डीजीपी आलोक सिंह के अनुसार पुलिस ने इस ऑपरेशन के लिए नई रणनीति बनाते हुए उस तरफ से हमला किया, जिसके बारे में नक्सली सोच भी नहीं सकते थे। इसमें दो राय नहीं कि नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस की यह अब तक की सबसे बड़ी सफलता है। छग के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुताबिक नक्सली बस्तर और कांकेर में लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की फिराक में थे, पुलिस ने उनके मंसूबों को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता बस्तर को नक्सल मुक्त करने की है। उल्लेखनीय है कि छग में इस माह तीन अप्रैल को बीजापुर में पुलिस ने 13 माओवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके बाद छह अप्रैल को बीजापुर के ही पुजारी कांकेर में पुलिस ने तीन माओवादी मारे गए थे। अकेले बस्तर में इस साल जनवरी से अब तक 50 से अधिक माओवादियों का सफाया किया जा चुका है। मुठभेड़ में मारे जाने वालों में शंकर राव जैसा दुर्दांत नक्सली भी शामिल है। लेकिन इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि बस्तर में नक्सलवाद ने दम तोड़ दिया है अलबत्ता उसे झटका जरूर लगा है। नक्सली इस झटके से उबर कर फिर से नए सिरे से संगठित हो सकते हैं और बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। ऐसे में सरकार और पुलिस को यह नहीं मान लेना चाहिए कि नक्सलवाद दम तोड़ चुका है। अच्छी बात यह है कि पुलिस को अपने ऑपरेशन में लगातार सफलता मिल रही है और पुलिस का नुकसान भी नगण्य हुआ है। सरकार को और पुलिस को चाहिए कि वह नक्सलियों पर दबाव बनाए रखे तथा इस प्रवृत्ति को बढ़ावा देने वालों पर भी कड़ा शिकंजा कसे। नक्सली हिंसा के बारे में हमारी स्पष्ट और दीर्घकालीन नीति होनी चाहिए, जो पार्टियों की सरकारें बदलने के बावजूद कायम रहना चाहिए। इस बीच नक्सल विरोधी अभियान के लिए केन्द्र सरकार ने भी राज्य सरकार की मदद बढ़ा दी है। नक्सली क्षेत्र में रोजगार और विकास की संभावनाएं लगातार बढ़ानी चाहिए और इस विचारधारा में फंसे लोगों की घरवापसी होनी चाहिए। सरकार ने कई आत्म समर्पित नक्सलियों का पुनर्वास भी किया है। इसे और तेज करने की जरूरत है। दूसरी तरफ आदिवासियों को भी लगने लगा है कि हिंसा के रास्ते से कुछ हासिल नहीं हो सकता। स्थानीय लोग दरअसल नक्सलियों और पुलिस के बीच पिसते रहते हैं। जैसे-जैसे नक्सलियों का दबाव कम होगा, स्थानीय लोग पुलिस और प्रशासन का ज्यादा सहयोग करने लगेंगे।

# सांप्रदायिक सौहार्द की सीख देती हजारीबाग की रामनवमी

**विजय केसरी**

हजारीबाग की रामनवमी 106 वें वर्ष में प्रवेश कर गई है। हजारीबाग रामनवमी की लोकप्रियता जिस रूप में उभर कर सामने आई है, इसका इतिहास उतना ही गौरवशाली है। हजारीबाग की रामनवमी वर्ल्ड फेमस रामनवमी और इंटरनेशनल रामनवमी के नाम से जानी जा रही है। हजारीबाग की रामनवमी ने समाज के सभी वर्ग के लोगों को एक साथ जोड़ दिया है। इस महापर्व पर सभी लोग एक साथ मिलकर नाचते गाते देखे जाते हैं। इस पर्व ने छोटे-बड़े और अमीर - गरीब के भेद को एक सूत्र में बांध दिया है। हजारीबाग की रामनवमी अपने स्थापना काल से ही सांप्रदायिक सौहार्द की सीख देती चली आ रही है। इस महपर्व में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सहित विभिन्न धर्मावलंबी के लोग मिलजुल जुलूस में भाग लेते हैं, तथा परस्पर सहयोग से जुलूस को आगे बढ़ते देखे जाते हैं। इस महापर्व पर सरकारी और सामाजिक संगठनों द्वारा जुलूस में भाग लेने वाले लोगों का हर तरह से खिदमत किया जाता हैं।

यह महपर्व हम सबों को परस्पर सहयोग और आपसी भाईचारे की भी सीख देता है। हजारीबाग की रामनवमी अब इंटरनेशनल रामनवमी के रूप में जानी जा रही है। हजारीबाग की रामनवमी देखने के लिए आसपास के जिलों सहित विभिन्न प्रांतो के लोग भी हर वर्ष आते हैं।

यहा रामनवमी की रामनवमी की शुरुआत सन् 1918 में चैत्र शुक्ल नवमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र की जंयती पर हजारीबाग नगर के जेपीएम मार्ग निवासी स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने अपने पांच मित्रों के साथ मिलकर महावीरी झंडा निकालकर की थी। तब शायद किसी ने यह कल्पना भी न की थी कि पांच व्यक्तियों द्वारा निकाला गया यह जुलूस एक दिन इंटरनेशनल रामनवमी के रूप में तब्दील हो जाएगी ।

1918 में महावीर झंडा निकालने से पूर्व स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने अपने मित्रों से और परिवार के सदस्यों से कहा था कि एक रात उनके स्वप्न में भगवान राम आए और चैत्र शुक्ल नवमी के दिन महावीरी झंडा निकालने के लिए कहा । स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर बचपन से ही धार्मिक प्रकृति के व्यक्ति थे। वे राम और भक्त हनुमान के अनन्य भक्त थे। जहां भी राम कथा होती, गुरु साहब ठाकुर सब काम छोड़ कथा में सम्मिलित हुआ करते थे । उन्होंने अपने पांच मित्रों क्रमशः हीरालाल महाजन, यदुनाथ बाबू, कन्हाई गोप, टीभर गोप, जटाधार बाबू और घरवालों से राय- मशवरा कर उसी साल चैत्र शुक्ल नवमी के दिन पहला महावीरी झंडा लेकर हजारीबाग नगर के कुम्हार टोली महावीर मंदिर, महावीर स्थान मंदिर, बड़ा अखाड़ा, पंच मंदिर आदि मंदिरों में पूजा अर्चना कर भ्रमण किया था। स्व. गुरु सहाय ठाकुर द्वारा निकाला गया महावीरी झंडा जुलूस धीरे धीरे कर हर वर्ष पांच से दस, दस से बीस और सौ से हजार होते देर न लगा। आज रामनवमी के जुलूस में लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। 160 से अधिक झांकियां जुलूस में सम्मिलित होती हैं।

जिस गुरु सहाय ठाकुर ने हजारीबाग में रामनवमी महापर्व जैसे गौरवशाली विरासत को दिया, उनके व्यक्तित्व पर दो शब्द लिखना जरूरी हो जाता है। वे सहज, सरल और मृदुभाषी स्वभाव के थे। वे एक पक्के समाजसेवी थे। वे सभी के दुःख सुख में साथ देने वाले व्यक्ति थे। इस कारण उनके आवास पर शहर के गणमान्य लोगों का आना-जाना बना रहता था। वे स्त्री शिक्षा के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने हजारीबाग कुम्हार टोली में पहला बालिका विद्यालय खोला था। उस कालखंड में स्त्रियों को स्कूल भेजे जाने पर कई सामाजिक पाबंदियां लगी हुई थीं। यह बात उन्हें कदापि पसंद न थी। उन्होंने अपनी बड़ी बेटी को इसी स्कूल में दाखिला भी दिया था। वे समाज में व्याप्त कुरीतियों को जड़ से मिटा देना चाहते थे। उनका मत था कि समाज में जो कुरीतियां व्याप्तह, जिसका उन्मूलन बहुत जरूरी है। यह सब सामाजिक कुरीतियों अशिक्षा के कारण उत्पन्न हुई थी। गुरु सहाय ठाकुर महावीरी झंडा के माध्यम से समाज में नवजागरण लाना चाहते थे। समाज में व्याप्त कुरीति को दूर करना चाहते थे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना चाहते थे। वे चाहते थे कि समाज मर्यादित हो, समाज में अनुशासन हो, अमीरी - गरीबी का भेद मिटे, जात- पात का भेद मिटे, समाज से अस्पृश्यता पूरी तरह खत्म हो। वे चाहते थे कि हर हिंदू के मन में हनुमान की तरह राम के प्रति भक्ति हो ।

गुरु सहाय ठाकुर महावीरी झंडा सिर्फ भगवान राम के जन्मदिन पर जरूर निकालते थे, लेकिन वे इस जुलूस के विस्तार मे सालों भर लगे रहते थे। वे निरंतर लोगों से मिलते और महावीरी झंडा के महत्व को बताते थे। वे लोगों को कहते थे कि भगवान राम के प्रति मन में सच्ची भक्ति से सारे बिगड़े काम बन जाते हैं। उनकी बातों का लोगों पर गहरा असर होता था। यही कारण है कि एक महावीरी, कुछ ही सालों में सैकड़ों महावीर झंडे में तब्दील हो गया था ।

1947 के आसपास तक हजारीबाग नगर में चैत्र नवमी के ही दिन रामनवमी का जूलूस निकलता था। इस एक दिवसीय रामनवमी जुलूस में हजारों की संख्या में नगर और ग्रामीण लोग शामिल हुए थे । तब जुलूस में कोई झांकी शामिल नहीं होती थी। उस समय लोगों के हाथों में बड़े और छोटे महावीरी झंडे होते थे । लोग हर चौक - चौराहे पर शस्त्र का परिचालन व प्रदर्शन किया करते थे । जुलूस में शामिल शहनाई, नगाड़ा, ढोलक आदि के धुन पे लोग नाचते - गाते आगे बढ़ाते थे। लोग शस्त्र परिचालन देखने के लिए दूर-दूर से यहां आते थे। शस्त्र परिचालन करने वाले बीते कई महीने के अभ्यास के बाद ही सार्वजनिक रूप से शस्त्र परिचालन दिखा पाते थे। जुलूस पूरी तरह मर्यादित और अनुशासन में होता था।

1949- 50 तक पहुंचते पहुंचते रामनवमी जुलूस के स्वरूप में काफी बदलाव आ गया था। ग्रामीण क्षेत्रों के काफी संख्या में जुलूस रामनवमी के जुलूस में शामिल होने लगे थे। पहले जुलूस संध्या होते - होते विसर्जन हो जाया करता था । जैसे-जैसे जुलूस के स्वरूप का विस्तार होता गया, समय सीमा बढ़ती चली गई। तब जुलूस में पेट्रोमैक्स और लालटेन शामिल होने लगे थे। इस दौरान जुलूस में रौशनी हेतु बड़े-बड़े मशाल भी शामिल होने लगे थे।

इसी कालखंड में रामनवमी जुलूस के दूसरे दिन चैती दुर्गा की प्रतिमाएं शामिल होने लगी थी। इसी दरम्यान चैती दुर्गा की कई प्रतिमाएं देवी मंडपों में स्थापित हुई थी। इन देवी मंडपों में स्थापित दुर्गा जी की प्रतिमाओं का विसर्जन रामनवमी के दूसरे दिन होता था। इसलिए नवमी के दिन निकलने वाला रामनवमी जुलूस, नवमी और दसवीं अर्थात दो दिनों में तब्दील हो गया था। अब रामनवमी का जुलूस एक दिन की जगह दो दिन अर्थात नवमी और दशमी को निकलने लगा था। उस समय रामनवमी का जुलूस दोपहर दो बजे के आसपास निकल जाता और रात के लगभग नौ से दस बजे के बीच समाप्त हो जाया करता था। दशमी के दिन भी यह जुलूस दो बजे के आसपास निकलता और रात्रि के नौ से दस के बीच समाप्त हो जाया करता था । आगे के दशक में धीरे धीरे कर जुलूस में शामिल होने वालों की संख्या बढ़ती चली गई थी। रामनवमी का जुलूस और भव्य ढंग से निकले, इसलिए चैत्र मास के आगमन साथ ही हर मोहल्ले में रामनवमी की बैठकें प्रारंभ हो जाया करती थी। चैत्र मास के प्रथम मंगलवारीय जुलूस रामनवमी के रिहर्सल जुलूस के रूप में निकलने लगा । मंगलवारीय जुलूस शुरुआत सन 1949-50के आसपास हुई थी। मंगलवारीय जुलूस की परम्परा आज भी कायम है।

1950 के आसपास चैत्र रामनवमी महासमिति का गठन हुआ था। चैत्र रामनवमी महासमिति गठन की भी बड़ी दिलचस्प कहानी है। चैत्र रामनवमी महासमिति का गठन रामनवमी समिति के विभिन्न अखाड़ों एवं समितियों ने किया था । आज भी महासमिति के अध्यक्ष का चुनाव रामनवमी समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया जाता है । महासमिति का दायित्व है कि रामनवमी के जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से निकालकर नगर के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण कराकर विसर्जन कर देना है। हजारीबाग की रामनवमी के जुलूस का इतना विस्तार हो चुका था कि बिना महासमिति के गठन के जुलूस का संचालन कठिन हो गया था। चैत्र रामनवमी महासमिति की रामनवमी जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से निकालने और गुजारने में बहुत ही अहम भूमिका होती है। आज भी महासमिति अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करती चली आ रही है ।

1960 के आसपास हनुमान जी की प्रतिमाएं महावीरी झंडा जुलूस में शामिल होना प्रारंभ हो गया। साथ में बड़ी-बड़ी दुर्गा जी की प्रतिमाएं भी शामिल होने लगी थीं। रामनवमी के जुलूस में भगवान राम, भक्त हनुमान और दुर्गा जी की प्रतिभाएं शामिल होने से रामनवमी जुलूस का स्वरूप ही बदल गया था । जुलूस में शामिल प्रतिमाओं को देखने के लिए शहर और गांवों से देखने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ता था। 1970 के दशक में जनरेटर युग की शुरुआत हुई थी। रंगीन बल्बों से प्रतिमाओं की झांकियां सजनी शुरू हो गई थीं। इन प्रतिमा झांकियों के माध्यम से कई सामाजिक संदेशों को देने की प्रथा की शुरुआत हो गई थी। आज भी रामनवमी जुलूस में शामिल झांकियां, समाज के बदलते परिदृश्य, राजनीति और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी बातें खुलकर कहती नजर आती हैं। इसी कालखंड में पहली बार जीटीसी के तत्कालीन अध्यक्ष स्वर्गीय गणेश प्रसाद सोनी ने कोलकाता से ताशा और बैंजो को रामनवमी के जुलूस में शामिल किया था। कोलकाता के ताशा एवं बैंजो ने रामनवमी के जुलूस में ऐसा धुन बिखेरा कि अगले साल तक लगभग सभी समितियों ने अपने अपने जुलूस में ताशा और बैन्जो को शामिल कर लिया था।

हजारीबाग रामनवमी जुलूस की प्रसिद्धि सिर्फ झारखंड तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी लोकप्रिय हो गई। हजारीबाग निवासियों के रिश्तेदार जो अन्य प्रदेशों में रहते हैं, रामनवमी को देखने के लिए इस महापर्व पर हजारीबाग जरूर आ जाया करते। रामनवमी पर आज भी हजारों की संख्या में विभिन्न प्रदेशों में रह रहे रिश्तेदार रामनवमी देखने हजारीबाग जरूर आते हैं।

हजारीबाग की रामनवमी समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का काम करती चली आ रही है। हजारीबाग रामनवमी के नायक स्व. गुरु सहाय ठाकुर समाज में व्याप्त छुआछूत, जातपात, अस्पृश्यता को दूर कर लोगों में नवजागरण लाना चाहते थे। आज हजारीबाग की रामनवमी छोटे बड़े के भेद, शहर - गांव के भेद को मिटा कर और एक होकर रामनवमी जुलूस में शामिल होते हैं।

# किस दल का घोषणा-पत्र कितना प्रभावशाली?

नाव के समय विभिन्न राजनीतिक दल अपने घोषणा पत्र जारी करते हैं। यह दरअसल लोक लुभावना घोषणा पत्र होते हैं, जिन्हें पढ़कर समझदार नागरिक अपनी मानसिकता बनता है कि आखिर किसे वोट देना है। हालांकि लोकतंत्र में अनुभव यह भी आया है कि ज्यादातर घोषणाएं सत्ता में आने के बाद लागू नहीं होतीं। उन्हें लंबित ही रखा जाता है। तारीख पर तारीख दी जाती है और वे घोषणाएं लागू नहीं होती। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने हाथ में गंगाजल लेकर कसम खाई थी कि हम शराब बंदी लागू करेंगे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया । यह जनता के साथ एक तरह का छल है। इस पर ऐसी कुछ व्यवस्था बननी चाहिए कि सत्ताधीश दल अगर अपनी घोषणाओं को लागू नहीं करता, तो उसके अध्यक्ष या मुखिया को कानूनी तौर पर दंडित किया जाए। बहरहाल आगामी आम चुनाव को लेकर दो बड़े राष्ट्रीय दलों ने अपने-अपने घोषणा पत्र जारी कर दिए हैं। उनको मैं देख रहा था। एक सप्ताह पहले कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र न्याय पत्र के रूप में जारी किया, तो संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है। उसे संकल्प पत्र कहा है। दोनों दलों के घोषणा पत्रों को देखने के बाद मेरा अपना निष्कर्ष है कि भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र ज्यादा व्यावहारिक और राष्ट्रहित में लिए जाने वाले अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों से भरा पड़ा है, जबकि कांग्रेस का घोषणा पत्र राष्ट्र की चिंता करने के बजाय वोट बैंक को कैसे साधा जाए, इस उद्देश्य में अधिक नजर आता है। और कुछ घोषणाएं ऐसी हैं जो केवल हवा- हवाई है कि हम ऐसा करेंगे वैसा करेंगे। जैसे कांग्रेस ने कहा, भूमिहीन को जमीन दी जाएगी। राष्ट्रव्यापी आर्थिक सामाजिक जाति गणना होगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के आरक्षित सभी खाली पड़े पद एक वर्ष के भीतर भरे जाएंगे। और व्यापक परामर्श के बाद समलैंगिक समुदाय के जोड़ों कानूनी मान्यता देने के लिए कानून बनाएगी। ये सारे चालाक वादे हैं। जो पूरे न भी हों तो यह कहा जाता रहेगा कि हम इसदिशा में काम कर रहे हैं । यह सब लटकाने वाली बातें हैं। युवाओं के लिए भी अनेक वादे हैं कि 30 लाख खाली पदों को भरा जाएगा। नौकरी देने की गारंटी वाला अधिनियम लाया जाएगा । 40 वर्ष से कम उम्र के युवकों को व्यवसाय शुरू करने के लिए फंड उपलब्ध कराया जाएगा। सभी शैक्षणिक ऋण की ब्याज की राशि माफ कर दी जाएगी। सबसे महत्वपूर्ण घोषणा है गरीब महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये प्रदान करने वाली महालक्ष्मी योजना। यानी हर गरीब महिला को प्रतिमाह 8333 रुपये प्राप्त होंगे। यह ऐसा जबरदस्त जुमला है जो किसी भी सूरत में संभव नहीं है। लेकिन गरीब महिलाओं को आकर्षित करने के लिए घोषणा कर दी गई है । समझदार महिलाएं समझेंगी कि यह बिल्कुल असंभव है , लेकिन जो बेचारी अनपढ़ हैं, भावना प्रधान हैं, वे प्रसन्न होकर कांग्रेस की ओर आकर्षित हो सकती हैं। किसानों के लिए भी कम से कम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिए जाने की घोषणा की गई है। कर्ज माफी आयोग भी गठन गठित किया जाएगा। न्यूनतम मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये की जाएगी ।यह अच्छी घोषणा है। बशर्ते उसका पालन हो। कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों के हित के लिए भी कुछ योजनाएं घोषित की है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने यह घोषणा की है कि पचास प्रतिशत सरकारी नौकरी महिलाओं को देंगे और अग्निवीर योजना तुरंत खत्म करेंगे। कश्मीर की धारा 370 को पुन बहाल करने की बात भी कहीं जा रही है। कांग्रेस अल्पसंख्यक समुदाय के लिए पर्सनल लॉ की गारंटी दे रही है।यह अपने आप में दुर्भाग्यजनक है ।एक देश में एक संविधान होना चाहिए ।एक वर्ग के लिए विशेष कानून लाना सामाजिक वर्ग भेद पैदा करने की मानसिकता ही दर्शाता है। कांग्रेस की इस घोषणा पर भाजपा ने प्रहार करते हुए कहा कि यह तो एक तरफ से मुस्लिमपरस्ती है। उसने यह गलत नहीं कहा। पूरे देश में कोई भी कानून सबके लिए लागू होने चाहिए किसी एक वर्ग विशेष की बात करना सीधे-सीधे उन्हें अपनी ओर आकर्षित करना है।

### भाजपा का संकल्प पत्र

भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र में मैं ज्यादातर घोषणाएं देश के उन्नयन को लेकर रखी गई है। जैसे पाँच साल तक गरीबों को मुफ्त राशन मिलता रहेगा। 3 करोड़ लखपति दीदी बनाई जाएँगी। देश में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। यह एक अपने आप में बहुत बड़ी साहसिक घोषणा है। यह घोषणा दर्शाती है कि भारतीय जनता पार्टी ने कथित वोट बैंक को खुश करने की कोशिश बिल्कुल नहीं की है। उसे राष्ट्र की चिंता है। एक राष्ट्र में एक चुनाव की घोषणा भी महत्वपूर्ण है। नई ट्रेनों को बढ़ाने की बात कही गई है और बुलेट ट्रेनों का भी विस्तार किया जाएगा। अभी अहमदाबाद से मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन का काम तेजी से चल रहा है। भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प भी भाजपा की सोच को दर्शाता है। वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए यह भी कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र में भारत स्थाई सदस्य बने इसका पूरा प्रयास होगा। भाजपा ने कांग्रेस की तरह महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने की घोषणा नहीं की, वरन यही कहा कि किसानों को जो रू. 6000 वार्षिक मिलते थे, वे जारी रहेंगे। फसल बीमा योजना को और मजबूत बनाया जाएगा। इन पंक्तियों के लेखक ने एक नागरिक होने के नाते महसूस किया कि भारतीय जनता पार्टी की घोषणाएं देश को आर्थिक दृष्टि से मजबूत करने की मानसिकता को दर्शाती हैं । हालांकि दोनों दलों की घोषणाओं पर देश के आम मतदाताओं को गम्भीरतापूर्वक विचार करना है। यह देखना ज़रूरी है कि कौन सा दल सही मायने में उनके हित के बारे में सोच रहा है और कौन-कौन सी घोषणा ईमानदारी के साथ लागू होंगी। ऐसा नीरक्षीर विवेचन करके ही मतदाता वोट करेगा तो लोकतंत्र मजबूत होगा।

## वर्ग पहेली 5344

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| | ■ | 9 | | | ■ | 10 | 11 |
| 12 | | | ■ | ■ | 13 | | |
| | ■ | ■ | 14 | 15 | | ■ | |
| 16 | | 17 | | | ■ | 18 | |
| ■ | ■ | 19 | | ■ | 20 | | |
| 21 | | | ■ | 22 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 28 मई 2008 को भारत के इस पडौसी देश ने 240 साला पुरानी राजशाही का अवसान हुआ (3)
4. विश्व में गेंहू की मंडी के नाम से विख्यात विनिपेग नाग इस देश में स्थित है (3)
7. मूल्य, दाम, मोल (3)
8. नापने का मापदंछ, रूप (3)
9. आवरण या अवरोध हटाना, बंधन रहित करना (3)
10. जिसके अवयव पास-पास सट हो, सघन (2)
12. गति, चाल (3)
13. उत्कृष्ट, नितांत, पराकाष्ठात्मक (3)
14. भिन्न अर्थ वाला, अर्थहीन (3)
16. मुख्य लोगों का दरबार (5)
18. आर्द्रता युक्त, अधिक गीला (2)
19. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट (2)
20. गुजरात का एक प्रसिद्ध व्यंजन (3)
21. यह लेबनान की राजधानी है (3)
22. यह महर्षि परशुराम का शस्त्र है (3)

**ऊपर से नीचे**

1. निर्देशक केदार शर्मा ने राकेश रोशन के पिता संगीतकार रोशन को इस फिल्म (1949) में मौका दिया था (6)
2. हथेली को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
3. हमेशा लातें खाने वाला (4)
4. श्रमादि करके धन उपार्जि करना (3)
5. तंदूर में पकाई जाने वाली मोटी खमीरी रोटी (2)
6. पोस्टऑफिस, डाकखाना (4)
11. हिंदुओं के सोलह संस्कारों में से एक जिसमें बालक का नाम रखा या स्थिर किया जाता है (5)
13. पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर (2)
14. प्राकृतिक झील, खाड़ी (3)
15. रक्त वाहिनी नली, रग (2)
17. ईश्वर का दिया हुआ धन आदि (3)
18. टौंस नामक नदी (3)
20. कड़ा, तीक्ष्ण, गधा (2)

### वर्ग पहेली 5343 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | वा | ह | र | ला | ल | ■ | ख |
| न | ह | र | ■ | ल | ब | रे | ज |
| क | ■ | जा | पा | न | ■ | व | न |
| सु | ना | ना | ■ | पा | व | ती | ■ |
| ता | न | ■ | कि | ल | य | ■ | बे |
| ■ | का | बा | ■ | न | ■ | गु | रू |
| अ | र | ब | ■ | ■ | ज | मा | त |
| र्थ | ■ | र | घु | नं | द | न | ■ |

# सभ्यता के उत्कृष्ट पुरुष है श्रीराम

**डॉ वीरेन्द्र भाटी मंगल**

राम मन्दिर निर्माण के पश्चात प्रथम बार आ रही इस रामनवमी को लेकर देश भर के श्रद्धालुओं में जबरदस्त आस्था और उमंग देखने को मिल रही है। राम भारतीय संस्कृति के आदर्श पुरूष है। रामराज्य की परिकल्पना का स्वरूप हमारी संस्कृति एवं परम्परा सदैव देखा जाता है। मर्यादाओं के राम का आगमन निश्चित ही शुभ संकेत है। राम की मर्यादा एक प्रमुख भारतीय सांस्कृतिक मूल्य है। इसका अर्थ है धर्म, नैतिकता, और सम्मान के प्रति पारंपरिक समर्पण। रामायण में भगवान राम के व्यवहार और व्यक्तित्व ने इस मर्यादा को परिभाषित किया है। उनका व्यवहार, उनकी सामर्थ्य, और उनका समाज में योगदान इस मर्यादा को महत्वपूर्ण बनाते हैं। उन्होंने अपने जीवन में न्याय, सत्य, और धर्म के प्रति स्थिरता का परिचय दिया। इसीलिए, राम की मर्यादा हमें सदैव सही रास्ते पर चलने का मार्गदर्शन करती है।

राम, भारतीय साहित्य और धर्म के एक प्रमुख चरित्र हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम यानी सभ्यता के उत्कृष्ट पुरुष के रूप में जाना जाता है। उनका जीवन और उनकी विचारधारा धर्म, न्याय, और मानवता के प्रति अत्यंत समर्पित था। रामायण, उनके जीवन की कहानी, उनके परिवार और सम्प्रदाय के साथ उनके संघर्षों को विस्तृत रूप से वर्णित करता है। उनका प्रेम, विश्वास, और सहनशीलता हमें एक उत्तम मानवीय आदर्श के प्रति प्रेरित करती हैं। राम की कहानी हमें सच्चे धर्म और अध्यात्म की ओर दिशा प्रदान करती है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम भारतीय समाज में एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक आदर्श हैं। उन्हें श्मर्यादा पुरुषोत्तमश् कहा जाता है क्योंकि वे मर्यादाओं का पालन करते हुए एक पूर्ण और आदर्श पुरुष थे। राम धर्म, कर्तव्य, नैतिकता, और सामाजिक संगठन के प्रतीक माने जाते हैं। उनकी विवेकपूर्ण और साधारण जीवनशैली, मित्रता, और धैर्य हर व्यक्ति को प्रेरित करती है। उनके जीवन की कहानी हमें कर्तव्यनिष्ठा, सहानुभूति, और सामर्थ्य की प्रेरणा देती है।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम हिंदू धर्म के प्रमुख देवता माने जाते हैं। उन्हें श्रामायणश् के प्रमुख पात्र के रूप में जाना जाता है, जो धर्म, नैतिकता, और शिक्षा के प्रतीक हैं। उनकी मर्यादा, धर्म और विवेक की प्रशंसा हमें सबक सिखाती है। उनका जीवन उत्कृष्ट आदर्शों और महानता का प्रतीक है। राम की मर्यादा एक प्राचीन भारतीय मूल्य है जो उनके जीवन के अनुसार परिभाषित होती है। वे अपने जीवन में धर्म, सच्चाई, और न्याय के प्रति समर्पित थे। उनकी मर्यादा का अर्थ है धर्म, नैतिकता, और सम्मान की पालना करना। रामायण में उनकी विविधता का उदाहरण मिलता है, जहां वे एक पति, एक पुत्र, और एक राजा के रूप में अपनी मर्यादा को पारित करते हैं। राम की मर्यादा हमें उनके विचारों और कृतित्व का अद्वितीय उदाहरण प्रदान करती है, जो आज भी हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है।

राम की मर्यादा का वर्णन भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण है। राम ने अपने जीवन में धर्म, कर्तव्य, और नैतिकता के मामले में एक मर्यादित जीवन जीने का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके प्रेरणास्त्रोत आदर्शों ने हमें धार्मिक और सामाजिक सुधार के लिए प्रेरित किया है।

# आज का राशिफल

**मेष**

कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृषभ**

व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**तुला**

धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**वृश्चिक**

घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा।

**मिथुन**

शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कर्क**

रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**धनु**

चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है।

**मकर**

थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा।

**सिंह**

समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़नेके अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कन्या**

महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कुंभ**

कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा।

**मीन**

प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गुलाम नबी आजाद का यू-टर्न, अनंतनाग सीट से वापस लिया नाम ; नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव



**अनंतनाग, एजेंसी।** दिग्गज राजनेता गुलाम नबी आजाद ने इस बार लोकसभा चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। उनकी पार्टी डीपीएपी (डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी) ने अनंतनाग-राजौरी सीट से उन्हें उम्मीदवार बनाया था। मगर अब उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया है। गुलाम नबी आजाद ने बुधवार को अनंतनाग में एक बैठक में यह घोषणा की। 2 अप्रैल को पूर्व केंद्रीय मंत्री आजाद को अनंतनाग-राजौरी सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकित किया गया था। इससे पहले आजाद की पार्टी के प्रवक्ता सलमान निजामी ने उनके चुनाव लड़ने को लेकर एक्स पर पोस्ट किया था। इस पोस्ट में निजामी ने लिखा, डीपीएपी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद साहब अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। यह निर्णय की डीपीएपी कार्य समिति की बैठक में किया गया। डीपीएपी के उम्मीदवार के रूप में आजाद का मुकाबला पीडीपी की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अनुभवी नेता मियां अल्ताफ अहमद से होना था। बताते चलें कि नेशनल कॉन्फ्रेंस इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। इंडिया गठबंधन के घटक दलों में कांग्रेस भी शामिल है, जिसका पहले गुमला नबी आजाद हिस्सा रह चुके हैं। आजाद का यू-टर्न उनके उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा बहाल करने और यहां के निवासियों की भूमि और नौकरी के अधिकारों की सुरक्षा के लिए अपनी लड़ाई जारी रखने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि लोकसभा चुनाव लड़ने के उनके पास कई कारण हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर के लोगों की नौकरियों और जमीन की सुरक्षा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बेकाबू हुई मर्सिडीज कार, फ्लाईओवर से नीचे गिरी, एयरबैग खुलने से बची 4 जानें



**हमीरपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह जबलपुर से दिल्ली जा रही मर्सिडीज कार फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। इस हादसे में चार युवक घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है। कार के एयरबैग खुलने से युवकों की जान बच गई। राठ कोतवाली क्षेत्र के जखेड़ी गांव के सुबह करीब छह बजे दिल्ली की ओर जा रही मर्सिडीज कार जखेड़ी गांव के पास फ्लाईओवर से अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। कार के अनियंत्रित होते ही उसके एयरबैग खुल गए। इससे कार सवार युवकों की जान बच गई। हालांकि फिर भी उन्हें काफी चोटे आई हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सुबह सात बजे सीएचसी राठ लाया गया। घायलों में 25 वर्षीय नरेश, गुड़गांव के साथ दिल्ली के रहने वाले सुमित, चौधरी अब्दुल मुनाफ, मंजीत सिंह शामिल हैं। चारों युवक जबलपुर से दिल्ली जा रहे थे।

### इश्क में नाकाम आशिक जान दे तो महिला को नहीं मान सकते दोषी- दिल्ली हाईकोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रेम संबंधों को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। एक मामले की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने कहा है कि अगर प्रेम असफल होने पर युवक आत्महत्या करता है, तो महिला को इसका दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। मृतक ने सुसाइड नोट भी छोड़ा था, जिसमे महिला के साथ-साथ एक अन्य व्यक्ति को भी जिम्मेदार बताया गया था। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, हाईकोर्ट में सुनवाई कर रहे जस्टिस अमित महाजन ने कहा कि अगर कोई कमजोर मानसिकता वाला व्यक्ति ऐसा कदम उठाता है, तो उसके लिए किसी अन्य व्यक्ति को दोषी नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा, अगर एक प्रेमी प्यार के असफल होने पर आत्महत्या करता है, एक छात्र परीक्षा में खराब प्रदर्शन के लिए आत्महत्या करता है, केस खारिज होने के बाद अगर कोई क्लाइंट सुसाइड करता है, तो महिला, पर्यवेक्षक, वकील को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं मान सकते। उन्होंने कहा, कमजोर मानसिकता वाले व्यक्ति की तरफ से लिए गए फैसले के लिए दूसरे व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं बता सकते। अदालत ने महिला और एक अन्य पुरुष को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में अग्रिम जमानत दे दी है। मृतक के पिता की तरफ से की गई शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई थी। आवेदक महिला सुसाइड करने वाले शख्स के साथ प्रेम संबंध में थी। जबकि, दूसरा आवेदक उनका कॉमन फ्रैंड था। आरोप थे कि आवेदकों ने मृतक को यह कहकर उकसाया था कि उन्होंने शारीरिक संबंध बनाए हैं और जल्दी एक-दूसरे से शादी करने वाले हैं। कोर्ट ने कहा वाटसअप चैट्स से प्रथम द्रष्टया पता चलता है कि मृतक संवेदनशील स्वभाव का था। आगे कहा कि जब भी महिला बात करने से मना करती थी, तब वह उसे आत्महत्या की धमकी देकर डराता था। कोर्ट ने यह भी कहा कि कथित सुसाइड नोट के तथ्य को ट्रायल के दौरान देखा जाएगा।

# सीएम धामी को पूरा भरोसा- उत्तराखंड लोस चुनाव 2024 में भाजपा को पूर्ण बहुमत

**हल्द्वानी, एजेंसी।** उत्तराखंड लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार का बुधवार को आखिरी दिन था। भाजपा के स्टार प्रचारक एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हल्द्वानी में रोड शो कर भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलाने की अपील की। इस दौरान पशु चिकित्सालय से लेकर तिकोनिया चौराहे तक रोड शो में बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक मौजूद रहे। बुधवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे मुख्यमंत्री धामी का काफिला कालाढूंगी रोड स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय के पास पहुंचा। यहां भाजपा समर्थक बड़ी संख्या में उनका इंतजार कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 3:08 बजे रोड शो शुरू किया। पशु चिकित्सालय से शुरू हुआ रोड शो कालूसिद्ध मंदिर होते हुए नैनीताल रोड स्थित तिकोनिया चौराहे पर शाम 4:34 बजे समाप्त हुआ। रोड शो के दौरान सीएम धामी ने हल्द्वानी की जनता से भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलाने की अपील की। साथ ही युवाओं को भी साधने का प्रयास किया। तिकोनिया चौराहे पर मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में हल्द्वानी के लोगों से रिकॉर्ड मतदान और रिकॉर्ड जीत दिलाने का आश्वासन लिया।



**गुरुद्वारे के सामने पहना पटका, कालूसिद्ध मंदिर पर रुकवाया वाहन :** रोड शो शुरू होने के बाद भाजपा समर्थकों ने जगह-जगह मुख्यमंत्री धामी का सम्मान और स्वागत किया। इस दौरान गुरुद्वारा चार साहिबजादे के सामने सिख समुदाय के लोगों ने मुख्यमंत्री को पटका पहनाकर सम्मानित किया। तो वहीं जब रोड शो कालूसिद्ध मंदिर पर पहुंचा तो सीएम ने खुद वाहन रुकवाकर मंदिर में दर्शन किए। जब काफिला रवाना हुआ तो एसडीएम कोर्ट के पास मुस्लिम महिलाओं ने सीएए का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री का शुक्रिया अदा करते हुए उन पर पुष्प वर्षा की। इसके बाद तिकोनिया चौराहे के पास भाजपा महिला मोर्चा ने माला पहनाकर और पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

**काफिले के आगे लोकनृत्य की प्रस्तुति :** मुख्यमंत्री धामी के रोड शो में केवल राजनैतिक और भाजपा समर्थक ही नहीं थे। लोक संस्कृति की छवि भी बखूबी प्रस्तुत की गई। एक तरफ लोक नृत्य छोलिया की प्रस्तुति देते हुए कलाकार काफिले के साथ बढ़ रहे थे, वहीं स्कूली छात्राओं का एक समूह सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते हुए रोड शो में शामिल रहा।

**सीएम ने श्रमिकों पर बरसाए फूल :** रोड शो में जहां सीएम धामी को लोग फूल मालाएं पहना रहे थे, वहीं सीएम ने अभिवादन स्वीकार करते हुए लोगों पर फूल बरसाए। इसी बीच जेल तिराहे के पास एक निर्माणाधीन भवन की छत पर बैठे मजदूरों ने जब हाथ जोड़कर सीएम धामी का अभिवादन किया तो धामी ने प्रत्युत्तर में उन श्रमिकों पर पुष्प वर्षा की।

**रूट डायवर्जन कर निकाला रोड शो :** रोड शो के चलते पुलिस ने एक दिन पहले मंगलवार को ही रूट डायवर्जन चार्ट जारी कर दिया था। रोड शो शुरू होने से 20 मिनट पहले ही कालाढूंगी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद रही। जाम की दिक्कत पैदा न हो, इसके लिए डायवर्ट रूट से वाहनों की आवाजाही कराई गई।

**योजनाओं की तख्तियां लेकर पहुंचे समर्थक :** रोड शो में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवक-युवतियों और बुजुर्गों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जहां लोगों के हाथ में धाकड़ धामी लिखी तख्तियां भी थीं। वहीं महिलाओं के हाथों में आवास योजना, गैस कनेक्शन योजना, राशन योजना, सीएए लागू करने और जमरानी बांध की स्वीकृति दिलाने का धन्यवाद लिखी तख्तियां थीं।

**भाजपा के रंग की साड़ियों में दिखीं कई महिलाएं :** भाजपा समर्थित कुछ महिला समर्थक भाजपा के झंडे के रंग वाली साड़ी में दिखाई दीं। हाथ में भाजपा का झंडा और सिर पर टोपी और साफे के साथ ही भाजपा को लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने का जोश और संकल्प साफ नजर आ रहा था। मुख्यमंत्री धामी के रोड शो में सुरक्षा व्यवस्था के चलते जिले के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मुस्तैद रहे। इनके अलावा दूसरे राज्यों से आई फोर्स पंजाब पुलिस, दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी तैनात किया गया था।

## एयरड्रॉप परीक्षण 24 अप्रैल को होगा, इस परीक्षण के बाद दो और मानव रहित मिशन होंगे- इसरो चेयरमैन



**बेंगलुरु, एजेंसी।** इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन अगले सप्ताह अपने गगनयान मिशन के तहत एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने घोषणा की कि 2024 भारत के प्रतिष्ठित पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान का वर्ष होगा। एजेंसी ने कहा कि वह अगले सप्ताह द्वितीय मानव रहित मिशन, एक परीक्षण वाहन उड़ान मिशन और एक एयरड्रॉप का परीक्षण करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसरो चेयरमैन ने बुधवार को अहमदाबाद में एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर कहा, एयरड्रॉप परीक्षण 24 अप्रैल को होगा। इस परीक्षण के बाद दो और मानव रहित मिशन होंगे, जो अगले वर्ष होंगे। उन्होंने कहा, अगर सब कुछ ठीक रहा, तो अगले साल के अंत तक मानवयुक्त मिशन को अंजाम दिया जाएगा। तृतीय चंद्र मिशन चंद्रयान-3 की सफलता से उत्साहित (जब भारत चंद्रमा के अब तक अज्ञात दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर उतरने वाला पहला देश बन गया और पहला सूर्य मिशन आदित्य-एल1 जो लैग्रेंज प्वाइंट (एल1) की हेलो कक्षा में पहुंचा। सबसे गर्म ग्रह के बाहरी वातावरण का व्यापक अध्ययन करने के लिए) इसरो गगनयान मिशन की द्वितीय परीक्षण उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार है। इसरो ने कहा कि उसके सौर वेधशाला अंतरिक्ष यान, आदित्य-एल1 का हेलो-ऑर्बिट इंसर्शन (एचओआई) 06 जनवरी, 2024 को पूरा किया गया था। आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान की कक्षा एक आवधिक हेलो कक्षा है, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर स्थित है। यह हेलो कक्षा एल-1 पर एक आवधिक, त्रि-आयामी कक्षा है जिसमें सूर्य, पृथ्वी और एक अंतरिक्ष यान शामिल है। इस विशिष्ट प्रभामंडल कक्षा को पांच वर्षों के मिशन जीवनकाल को सुनिश्चित करने, स्टेशन-कीपिंग युद्धाभ्यास को कम करने और इस प्रकार ईंधन की खपत को कम करने और सूर्य के निरंतर, अबाधित दृश्य को सुनिश्चित करने के लिए चुना गया है।

## किराने की दुकानों पर भी मिलेंगी सर्दी-जुकाम की दवाएं, सरकार ले सकती है बड़ा फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सर्दी, जुकाम और बुखार में इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं को जनरल स्टोर्स पर भी मुहैया कराए जाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, अब तक इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि ओटीसी यानी ओवर द काउंटर दवाओं की नीति पर काम कर रही समिति इस सुझाव पर विचार कर रही है। अब तक अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है, अमेरिका जैसे कई देशों में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली दवाएं किराने की दुकानों पर भी उपलब्ध होती हैं। भारत की ओटीसीनीति पर काम कर रहे कुछ एक्सपर्ट्स की तरफ से एक सुझाव भी आया है, जिसमें यहां भी ऐसी व्यवस्था शुरू करने की बात की गई है, ताकि ग्रामीण इलाकों में पहुंच बेहतर हो सके। हालांकि, अब तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। दरअसलओटीसी उन दवाओं को माना जाता है जो बगैर डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बेची जा सकती हैं। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में दवाओं को लेकर दिशानिर्देश एकदम स्पष्ट हैं। फरवरी में ही स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक अतुल गोयल की तरफ से एक्सपर्ट्स की एक कमेटी गठित की गई थी, जिसे भारत की ओटीसी ड्रग नीति तैयार करने का काम सौंपा गया था।

# 70 सालों में पहली बार आज पढ़ा-लिखा युवा सबसे ज्यादा बेरोजगार है, महंगाई अपने चरम पर है: सचिन पायलट

**हल्द्वानी, एजेंसी।** कांग्रेस के स्टार प्रचारक एवं राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा को अपने लिए 15 साल चाहिए और दिन रात मेहनत कर देश की रक्षा के लिए जान देने की चाहत रखने वाले युवा को अग्निवीर बनाकर 4 साल में घर भेज देना चाहती है। इसलिए सभी और खासकर युवाओं को इस बार सोच समझ कर वोट करना होगा। हल्द्वानी के रामलीला मैदान में बुधवार को हुई जनसभा ने कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने अग्निवीर योजना पर केंद्र की भाजपा सरकार को घेरा। कहा कि यह चुनाव देश की तकदीर तय करेगा। आमजन को खुद सोचना होगा कि पिछले 10 साल में भाजपा ने अपना कौन सा वादा पूरा किया है। बोले, 70 सालों में पहली बार आज पढ़ा-लिखा युवा सबसे ज्यादा बेरोजगार है, महंगाई अपने चरम पर है। भाजपा सरकार ने कहा था हर साल 2 करोड़ रोजगार देगी, कालाधन लाकर 15-15



लाख दिए जाएंगे। किसानों से एमएसपी का वादा भी किया और कोई भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा दस साल का हिसाब नहीं देना चाहती है और 2047 तक की बात कर रही है। अपनी हर नकामी को छुपाने के लिए नेहरू और मनमोहन सिंह का नाम लेती है। भाजपा सरकार ऐसी नीतियां बनाती है, जिससे चंद गिने चुने लोगों को फायदा हो रहा है। इलेक्टोरल बॉन्ड ने बता दिया कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत कहने वाली भाजपा सरकार चंदा दो ठेका लो पर उतर आई है। पायलट अपने 15 मिनट के भाषण में विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा पर हमलावर रहे। इसके बाद उन्होंने हल्द्वानी के लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को वोट देने की अपील करते हुए राजस्थानी अंदाज में राम राम सा कहकर अपनी बात समाप्त की। 400 सीटें होने के बावजूद कभी नहीं कहा विपक्ष मुक्त भारत स्टार प्रचारक सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस का 140 साल का इतिहास है। उसके नेतृत्व में देश को आजादी मिली और कई सारे ऐसे संस्थान मिले जो देश की रीढ़ हैं। कांग्रेस को 1984 के आम चुनाव में 400 से ज्यादा सीटें मिली, लेकिन कभी भी नेतृत्व ने विपक्ष मुक्त भारत की बात नहीं कही। बोले, अब भाजपा सरकार ने देश के संस्थानों को खोखला कर दिया है। इसका जवाब जनता को देना ही होगी।

**सरकार एजेंसियों का दुरुउपयोग कर रही भाजपा :** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा सरकार देश की सरकारी एजेंसियों का दुरुउपयोग कर रही है। भाजपा को हार का डर सता रहा है। इससे वह चुने गए मुख्यमंत्रियों को जेल भेजने में लगी है, लेकिन देश की जनता यह सब समझ रही है। कहा, प्रतिशोध से काम लेने वाली भाजपा सरकार लोगों को धर्म जाति के नाम पर लड़ाना चाहती है। जबकि कांग्रेस मिलजुल कर रहने की बात करती है। पायलट ने कहा भाजपा सरकार से उसके काम का हिसाब नहीं लिया जा सकता है। सवाल पूछो तो वह जवाब नहीं देते और संसद में वह बोलने नहीं देते हैं। एक दिन में 147 सांसदों को निलंबित कर दिया और कानून पास कर दिया। ऐसा देश के इतिहास में कभी नहीं हुआ। कांग्रेस के स्टार प्रचारक सचिन पायलट ने कहा कि जाति, धर्म, बिरादरी, लिंग से परे हटकर 140 साल पुरानी पार्टी को वोट दें।

## राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला विरासत में मिली राजनीतिक विरासत का आनंद ले रहे हैं : गुलाम नबी आजाद

**उधमपुर, एजेंसी।** पूर्व दिग्गज कांग्रेसी और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने बड़ा दावा किया है कि राहुल गांधी भाजपा शासित राज्य से लोकसभा चुनाव लड़ने से झिझक रहे हैं। उन्होंने अपनी पुरानी पार्टी के उस दावे का भी खंडन किया जिसमें कहा जा रहा है कि राहुल बहादुरी से भाजपा का मुकाबला चुनावी मैदान में कर रहे हैं। इतना ही नहीं, आजाद ने अपने पूर्व अध्यक्ष को चम्मच से खिलाया हुआ बच्चा करार दिया है। गुलाम नबी आजाद ने आगे आरोप लगाया कि राहुल गांधी उस राज्य में शरण लेना चाहते हैं जहां अल्पसंख्यकों की आबादी अधिक है। उन्होंने राहुल गांधी और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर कटाक्ष करते हुए दोनों को चम्मच से दूध पीने वाला बच्चा बताया। आजाद ने कहबा कि दोनों ने अपने दम पर कुछ नहीं किया है। गुलाम नबी आजाद ने कहा, राहुल गांधी भाजपा शासित राज्यों में चुनाव लड़ने से क्यों हिचकिचा रहे हैं? वह भाजपा से लड़ने का दावा करते हैं, लेकिन उनकी हरकतें कुछ और ही संकेत देती हैं। भाजपा शासित राज्यों से क्यों भागे और



अल्पसंख्यक बहुल राज्यों में क्यों शरण ली? आपको बता दें कि वह उधमपुर लोकसभा सीट के संगलदान और उखराल इलाकों में रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केरल जैसे राज्यों में सुरक्षित सीटों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाते हुए जमीन पर भाजपा से लड़ने की कांग्रेस और राहुल गांधी की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया। नेहरू-गांधी परिवार के करीबी रहे गुलाम नबी आजाद ने कहा कि राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला राजनेता नहीं बल्कि चम्मच से दूध पीने वाले बच्चे हैं। आजाद ने कहा, उन्होंने जीवन में कोई व्यक्तिगत बलिदान नहीं दिया है और वे केवल इंदिरा गांधी और शेख अब्दुल्ला जैसी हस्तियों से विरासत में मिली राजनीतिक विरासत का आनंद ले रहे हैं। दोनों ने अपनी ओर से कुछ नहीं किया है। अब्दुल्ला चिनाब घाटी में डीपीएपी के खिलाफ प्रचार कर रहे हैं, बीजेपी के खिलाफ नहीं। उन्हें धर्मनिरपेक्ष वोटों को विभाजित करने का काम सौंपा गया है। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया।

## जो मोदी-योगी को अपना नहीं मानते, वे गद्दार हैं : सांसद महेश शर्मा

**गौतमबुद्ध नगर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के प्रचार को लेकर सभी पार्टियां अपनी ताकत झोंक रही हैं। एक-दूसरे पर जमकर जुबानी तीर चलाए जा रहे हैं। हालांकि चुनावी बयानबाजी के दौरान माननीयों के मुंह से कई बार ऐसे शब्द निकल जाते हैं, जो विवाद खड़ा कर देते हैं। ऐसा ही कुछ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के गौतमबुद्ध नगर से सांसद महेश शर्मा ने किया है। मंच से एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने ऐसा कुछ बोला जो अब वायरल हो रहा है। कांग्रेस ने इस पर चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान से पहले महेश शर्मा ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया है कि जो लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना नहीं मानते, वे गद्दार हैं। बुलंदशहर में एक चुनावी रैली के दौरान शर्मा ने कहा, जो लोग मोदी और योगी को अपना नहीं समझते, वे अपने बाप को भी अपना नहीं समझेंगे। अगर कोई कहता है कि वह मोदी-योगी से बढ़कर आपका अपना है, तो वह इस देश का गद्दार है। वह व्यक्ति देश या राज्य का कल्याण नहीं चाहता है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि यह शर्मा ने यह टिप्पणी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक विशेष समुदाय को निशाना बनाते हुए की है। 12 अप्रैल को भाषण का एक वीडियो समाचार एजेंसी ने शेयर किया था, लेकिन बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर इसे व्यापक रूप से



प्रसारित किया गया। एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने चुनाव आयोग से कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने लिखा, प्रिय चुनाव आयोग, वक्त आ गया है ये तय करने का कि आप किसके हैं? बीजेपी एमपी महेश शर्मा ने वोटर्स को धमकी देते हुए कहा है कि भारत का हर एक नागरिक जो मोदी-योगी को अपना नही समझता (यानि वोट नही देता) वो अपने बाप को भी अपना बाप नही समझता। अगर निष्पक्ष है तो कार्यवाही कीजिये, नही तो महेश शर्मा के मुताबिक आप मोदी के ही है। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के चुनाव के लिए बुधवार को भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व उन्होंने अपनी माता का आशीर्वाद लिया और सेक्टर-19 में सनातन धर्म मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# पहले चरण में केंद्रीय नेता दूर रहे, गहलोत-पायलट ने संभाली प्रचार की कमान

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में पहले चरण के तहत प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों के लिए कल 19 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा और कांग्रेस के स्थानीय स्टार प्रचारकों ने अंतिम दिन प्रचार में पूरी ताकत लगाई। लेकिन, दोनों ही दलों में अन्य राज्यों के कई ऐसे भी स्टार प्रचारक रहे, जिनकी राजस्थान से दूरी बनी रही। ये 24 स्टार प्रचारक प्रचार के लिए नहीं आए। इनमें बड़े नेता भी है, जिनकी कई लोकसभा क्षेत्रों में मांग रही। कांग्रेस में गहलोत और पायलट ने ही प्रचार की कमान संभाली। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिा गांधी के अलाव कांग्रेस का कोई भी स्टार प्रचारक राजस्थान नहीं आया। जातिगत समीकरणों के लिहाज से प्रदेश संगठनों ने इनमें से कई स्टार प्रचारकों की जरूरत भी जताई, लेकिन इनके दौरे तय नहीं हो पाए। इनमें कांग्रेस के 14 और भाजपा के 10 केंद्रीय स्टार प्रचारक शामिल है। इनके अलावा प्रदेश के भी कई स्टार प्रचारक प्रत्याशी हैं, जो अपनी सीट से ही नहीं निकल पाए। इनमें भाजपा के छह और कांग्रेस का एक स्टार प्रचारक है। कांग्रेस के केंद्रीय नेता राजस्थान में प्रचार से दूर रहे। इसके पीछे बड़ी वजह धन की कमी बताया जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव से पहले मोदी सरकार ने पार्टी के खाते फ्रीज कर दिए। इस वजह से पार्टी के



पास धन की कमी है। केंद्रीय नेताओं को राज्यों में भेजने लायक भी पैसा पार्टी के पास नहीं है। ऐसे में पार्टी के स्टार प्रचारक राजस्थान से दूर रहे। हालांकि, स्टार प्रचारकों की सूची में गहलोत-पायलट पर ही पार्टी ने ज्यादा भरोसा जताया। राजस्थान में कांग्रेस का प्रचार इन दोनों नेताओं के इर्द-गिर्द रहा है।

**भाजपा के 10 केन्द्रीय स्टार प्रचारक नहीं आए :** केन्द्रीय मंत्री नीतिन गड़करी, गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, देवेन्द्र फडणवीस, केशव प्रसाद मौर्य, संजीव बालियान, कृष्णपाल सिंह गुर्जर, मनोज तिवारी, पुरुषोत्तम रूपाला पहले चरण के प्रचार में नहीं आए। भाजपा के प्रदेश संगठन के अनुसार स्टार प्रचारकों के दौरे केन्द्रीय नेतृत्व स्तर पर तय होते हैं। जो स्टार प्रचारक अभी तक नहीं आए, वे दूसरे चरण में प्रचार करेंगे। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा भी केवल एक बार राजस्थान आए। वे प्रत्याशी दुष्यंत सिंह की सभा में शामिल हुए थे। कांग्रेस के इन स्टार प्रचारकों की नहीं हुई एक भी सभा कांग्रेस के जिन स्टार प्रचारकों की प्रदेश में एक भी सभा नहीं हो पाई है। उनमें रजनी पाटिल, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, मुकुल वासनिक, सुखविंदर सिंह सुक्खू, रणदीप सिंह सुरजेवाला, प्रमोद तिवारी, चरणजीत सिंह चन्नी, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, इमरान प्रतापगढ़ी, कन्हैया कुमार, पवन खेड़ा, अलका लांबा, बीवी श्री निवास और वरुण चौधरी हैं। विधानसभा चुनाव में शेखावाटी अंचल के सीकर और झुंझुनूं में कांग्रेस के सर्वाधिक विधायक जीतकर आए। इन लोकसभा सीटों में कांग्रेस के 16 विधायक हैं, इसके बावजूद यहां कहीं भी किसी केंद्रीय स्टार के दौरे नहीं हुए।

# अपनी दुर्दशा के लिए आंसू बहा रहा प्राचीन छत्रसाल पार्क






**पन्ना।** पन्ना नगर का सबसे प्राचीन छत्रसाल पार्क इन दिनो अपनी दुर्दशा के लिए आंसू बहा रहा है। क्योकि छत्रसाल पार्क की स्थिती विभिन्न कारणा के चलते बुरी हालत में है। भारी गंदगी, चारो तरफ फैली रहती है। आये दिन किसी न किसी जयंती या अन्य प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। जिसमें लोगो द्वारा भारी स्तर पर डिस्पोल, गिलास, प्लेटे तथा अन्य समान का कचरा फैलाया जाता है। जिसे पार्क मे कार्यरत कर्मचारी बटोरते हुए देखे जा सकते है। जबकी पार्क के अन्दर गंदगी न फैले इसके लिए उपाये किये जाने चाहीए तथा कार्यक्रम करने वालो को सख्त निर्देश होना चाहीए। इसके साथ ही शांयकाल के समय गंजेडियो, शराबीयो का अड्डा बनजाता है, इन पर भी प्रतिबंध लगना चाहीए, पार्क एक दम हरा भरा एवं स्वच्छ रहना चाहीए, जिससे पार्क आने वाले लोगो को शुद्ध हवा प्राप्त हो सकें। पार्क में पीने के पानी के लिए वर्तमान मे कोई व्यवस्था नही है। जबकी पार्क के अन्दर बकायदा विधायक तथा तत्कालीन मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अपनी निधी से शुद्ध पेयजल के लिए टंकी एवं वाटर कूलर लगाया गया था। लेकिन वह बंद पडा हुआ है तथा चोर टोंटीयां भी निकालकर ले गयें है। छत्रसाल पार्क के लिए जिम्मेवारो को सुरक्षा के बेहतर इंतजाम करना चाहीए। ज्ञात हो कि छत्रसाल पार्क का उद्घाटन भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद द्वारा सन् 1952 मे किया गया था। यह नगर के लोगो के लिए धरोहर है, लेकिन इसकी भी दुर्दशा हो रही है। छत्रसाल पार्क के नाम पर चालीस कर्मचारी नगर पालिका द्वारा भर्ती किये गयें है। लेकिन सभी कर्मचारी अधिकारीयो तथा नेताओ के घरो में झाडू, पोंछा के लिए ड्यूटी कर रहें है। पार्क मे आधा दर्जन कर्मचारी ही यदा कदा देखे जाते है। स्थानीय लोगो ने कलेक्टर से नगर पालिका परिषद से संज्ञान लेने तथा छत्रसाल पार्क की दुर्दशा सुधारे जाने की मांग की है।

# हाई टेंशन विद्युत लाइन से उठी चिंगारियां खेतों में भड़की आग

## किसानों की कटी फसल भी जली



**पन्ना।** पन्ना जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीपुरा में तेज हवा की वजह से 11 हजार केवी विद्युत लाइन के तार आपस में टकराने से उठी चिंगारियां खेतों में गिरने से देखते ही देखते आग भड़क गई, जिससे कई हेक्टेयर में खेतों में भूसा बनाने के लिए गेहूं की कटाई के बाद खड़ी नरवाई में आग भड़क गई, कुछ किसानों के खेतों में कटी रखी गेहूं की फसल भी जल गई है। किसानों के द्वारा तत्काल इसकी सूचना ककरहटी नगर परिषद को दी गई और स्वयं मोटर पंप चलाकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। किसानों ने बताया कि लगभग 2 वर्ष पूर्व इसी प्रकार विद्युत लाइन से उठी चिंगारियों से खेतों में आग लगी थी जिसके बाद किसानों ने विद्युत लाइन के मेंटेनेंस की मांग उठाई थी लेकिन कोई मेंटेनेंस नहीं किया गया बताया गया है कि कहीं बिजली के तार खेतों में झूल रहे हैं तो कहीं खंभे टेढ़े लगे हुए हैं जिससे किसानों, फसलों और उनके पशुओं पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है।

# संस्कृति विभाग के कार्यक्रम के लिए मंगवाई गई टूटी कुर्सियां, फटे सोफे

## कार्यक्रमो के नाम पर अधिकारियो द्वारा किया जाता है भ्रष्टाचार



**पन्ना।** पन्ना जिले में लंबे समय से जमे कुछ अधिकारी कर्मचारी इतने बेलगाम हो चुके हैं की धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भी कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार को अंजाम देने लगे हैं। ताजा मामला पन्ना नगर के आराध्य भगवान श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में रामनवमी के अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा भगवान श्री राम प्रगटोत्सव को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें संस्कृति विभाग के माध्यम से लाखो रूपये कार्यक्रम के नाम पर खर्च किये जाने है। लेकिन कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व ही भ्रष्टाचार की योजना तैयार की गई है। कार्यक्रम के लिए जो सामग्री मंगाई गई है। वह सामग्री निम्न स्तर की है। उदाहरण के तौर पर टूटी कुर्सियां फटे हुए सोफे कार्यक्रम स्थल पर लगाये गयें है। पन्ना नगर में कई टेंट हाउस संचालित है जहां कुर्सी सोफे एवं अन्य सामग्री की कमी नहीं है। लेकिन कमीशन व भ्रष्टाचार करने के लिए कार्यक्रम प्रभारी के द्वारा बाहर से सामग्री मंगवाई गई है। जैसे ही कुछ लोगों को इस प्रकार के फटे सोफे और टूटी कुर्सियों की भनक लगी लोगों ने मौके पर पहुंचकर पूंछताछ की जिसमें पता चला कि कार्यक्रम प्रभारी से इसी प्रकार की सामग्री पर सौदा तय हुआ है। इस प्रकार धार्मिक और सामाजिक कार्यों में हो रही कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार से लोगों की भावनाएं आहत हो रही है। लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। इसकें पूर्व ही मंदिर प्रांगण तथा बनाये गये सेड मे भी व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। उक्त मामले की जांच के संबंध मे तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने निर्देश दिये थे लेकिन उसके बावजूद दोषी ठेकेदार तथा अधिकारीयो पर कोई कार्यवाही नही की गई। जिससे भ्रष्ट अधिकारीयो के होसले बुलंद है तथा मनमाने ढंग से शासकीय राशि की बंदर बाट करने मे अधिकारी एवं ठेकेदार लगे रहते है।

# सरेआम गुंडागर्दी, फल एवं चाऊमीन स्टॉल में तोड़फोड़, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**पन्ना।** पन्ना जिले के धरमपुर थाना अंतर्गत ग्राम टिकुरिहा में सरेआम गुंडागर्दी एवं फल चाऊमीन और मोमोज स्टॉल में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मामले के संबंध में पीड़ितों के द्वारा धरमपुर थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रामपुर थाना धरमपुर निवासी अजय साहू ग्राम टिकुरिया में फल का ठेला लगाता है, जब वह अपना ठेला लगाकर दुकान चल रहा था तभी रिंकू पाठक निवासी बहिरवारा आया और गाली गलौज करने लगा मना करने पर तोड़फोड़ और मारपीट करने लगा बीच बचाव करने पर अगल-बगल के लोगों के चाउमीन एवं मोमोज के स्टॉल में भी तोड़फोड़ की जिसका कुछ लोगों के द्वारा वीडियो बना लिया गया जो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है। धरमपुर थाना में फरियादियों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

## अस्पताल के बगल मे बनें टपरा मे लगी आग, धू-धू कर जला

**पन्ना।** जिला अस्पताल के बगल में पोहानी मेडिकल स्टोर के आंगे बनें टपरा मे अचानक आग लग गई। जिससे वह धू-धू कर जलने लगा किसी प्रकार आग पर काबू पाया गया। यदि उक्त आग समय से नही बुझाई जाती तो अन्य दुकानो मे भी आग लग सकती थी।

# भगवान श्री राम मंदिर में हुआ जन्मोत्सव कार्यक्रम, नगर मे निकली भव्य शोभा यात्रा

## महाराजा छत्रसाल के वंशज ने पहुंचकर निभाई परंपरा

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस बल रहा मौजूद



**पन्ना।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री राम का जन्मोत्सव धूम धाम के साथ स्थानीय श्री राम जानकी मंदिर मे मनाया गया। दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्री राम जानकी मंदिर लगभग 300 साल पुराना बताया गया है। जहां भगवान श्री राम की शालिग्राम की प्रतिमा स्थापित है। भगवान श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर सदियों पुरानी परंपरा को निभाने के लिए महाराजा छत्रसाल के वंशज महाराजा छत्रसाल द्वितीय के द्वारा पहुंचकर चंवर डुलाई गई। इस दौरान जन्मोत्सव के पश्चात् खुशी मे महिलाओ द्वारा शोहर गीत गाते हुए खुशी पूर्वक नृत्य भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर प्रांगण मे भारी भीड एकत्रित रही। पुजारीयो द्वारा विधि-विधान के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया गया। तत्पश्चात् लोगो को प्रसाद वितरित किया गया। शांयकाल चार बजे से राम नवमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल शोभा यात्रा स्थानीय चितकुआ परिषर से प्रारंभ की गई। जिसमें हजारो की संख्या में लोग शामिल हुए। डीजे, बैंड, की धुन बजते हुए जय श्रीराम के नारो से नगर गुंज उठा। शोभा यात्रा नगर के अजयगढ चौराहा, बडा बजार, गोविन्द जी चौक, बल्देव चौक, कटरा बजार, कोतवाली चौराहा, बस स्टैन्ड, आगरा मोहल्ला, मेनिका टाकिज गांधी चौक, जुगल किशोर जी तिराहा, महेन्द्र भवन तिराहा से होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर में शोभा यात्रा का समापन किया गया। यात्रा का लोगो द्वारा जगह जगह आरती उतारकर पूजा अर्चना की गई तथा स्वागत किया गया। यात्रा में हजारो की संख्या मे लोग उपस्थित रहें। पुलिस द्वारा सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किये गये थे। सुरक्षा व्यवस्था दुरस्ति करने के लिए पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, एसडीओपी एसपी सिंह बघेल, थाना प्रभारी रोहित मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पुलिसकर्मियों को मिलेगी ईडीसी के जरिए मतदान की सुविधा

**पन्ना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार पुलिसकर्मियों को भी निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) के जरिए मतदान करने की सुविधा प्राप्त होगी। निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदक मतदाता को फार्म 12-क में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। मतदाता को आवेदन में अपनी विधानसभा का नाम, मतदान केन्द्र क्रमांक और मतदाता सूची की क्रम संख्या भरना अनिवार्य है। निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र उन्हीं पुलिसकर्मियों को जारी किया जाएगा, जिनका नाम खजुराहो संसदीय क्षेत्र की आठ में से किसी एक विधानसभाओं में शामिल होगा। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12 अप्रैल निर्धारित है। पुलिसकर्मियों द्वारा ईडीसी के लिए आवेदन करने और परीक्षण उपरांत पात्र पाए जाने पर निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इस दौरान जिस मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में संबंधित पुलिसकर्मी का नाम है, उसकी चिन्हित प्रति में लाल स्याही से ईडीसी मार्क किया जाएगा। जिससे केवल ईडीसी के माध्यम से ही पुलिसकर्मी मतदान कर सकें। ईडीसी प्रस्तुत करने पर ही मतदान कराया जाना संभव होगा। इस संबंध में सूचित किया गया है कि निर्वाचन ड्यूटी पर जाने वाले पुलिसकर्मियों के आवेदन ही जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रेषित किए जाएं। साथ ही नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर ईडीसी प्राप्त करने और संबंधित पुलिसकर्मियों को वितरण कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# मैहर में नवरात्रि के अंतिम दिन एक लाख श्रद्धालुओं ने किए मां शारदा के दर्शन

**मैहर।** चैत्र नवरात्रि के आखिरी दिन मां शारदा शक्तिपीठ में सुबह से ही श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। हर साल नवरात्रों के मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु माता से अपनी मनोकामनाएं मांगने के लिए इस मंदिर में आते हैं। नौ दिनों तक यहां लगातार श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा।

चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन मां भगवती की 9वीं शक्ति मां सिद्धिदात्री देवी की पूरे विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। ऐसा विश्वास है कि इनकी पूजा पूरे विधि विधान के साथ करने वाले उपासक की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। चैत्र नवरात्रि के आखिरी दिन माता के शक्तिपीठ में लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने हाजरी लगाई। इसी के साथ स्थानीय देवी मंदिरों में भी भक्तों ने माथा टेका और मनोकामनाएं मांगी।



मंदिर प्रबंध समिति द्वारा नवरात्रि में आने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर पुख्ता तैयारी की गई थी। मंदिर के प्रवेश और निकास द्वार पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। माता के दर्शन करने आए लोगों ने बताया कि हम हर साल मैहर मंदिर में माता के दर्शन करने के लिए आते हैं। हमें यहां आकर काफी अच्छा लगता है। माता हमारी सभी मनोकामनाओं को पूरा करती हैं।

नवदुर्गा महोत्सव के अंतिम दिन नवमी पूजन कार्यक्रम श्रद्धा भाव से पूरे देश में मनाया गया, वहीं त्रिकूट पर्वत पर विराजी मां शारदा के दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शहर के देवी मंदिरों पर कन्या पूजन का सिलसिला चलता रहा। लोगों ने घरों के अंदर धार्मिक अनुष्ठान को पूरा करते हुए कन्या पूजन हवन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। इसी के साथ नवरात्र के समापन दिवस पर कई घरों में भी कुल देवी का पूजन किया गया।


# कलेक्टर का शो-कॉज मिलते ही जिला संयोजक ने मांगी स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति

**सतना।** मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने लापरवाह कार्यशैली को लेकर जिला संयोजक जन जातीय कार्य विभाग अविनाश पाण्डेय को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। शो-कॉज मिलने के साथ ही जिला संयोजक ने प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग को प्रार्थना पत्र लिखते हुए स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति की मांग कर ली है। शो-कॉज और स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति का यह मामला प्रशासनिक गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने 26 मार्च को अविनाश पाण्डेय जिला संयोजक जन जातीय कार्य विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था।

# एकलव्य विद्यालय में छात्र की फंदे से लटककर मौत, मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा

**सतना/मैहर।** मैहर के एकलव्य विद्यालय में अभद्र भाषा से आहत होकर 16 वर्ष के छात्र शिवम सिंह ने फंदे से लटककर कर जान दे दी। पुलिस मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रही है। छात्रावास के कमरे में फंदे से लटक गया है। शिवम सिंह के पिता छत्रपाल सिंह ने विद्यालय प्रबंधन पर सही तरीके से मामला हैंडल नहीं कर पाने का गंभीर आरोप लगाया है। कहा कि अगर विद्यालय प्रबंधन शिवम सिंह की बात समझता तो ऐसा नहीं होता। सेंदुरा रामनगर निवासी पिता छत्रपाल सिंह ने बताया कि कक्षा 12 में पढ़ रहा था।



पहले प्रबंधन ने बेटे ने बातचीत की थी। तब सही काउंसलिंग नहीं की गई। वहीं अब मामले में दबाव की बात सामने आ रही है। सूत्रों की मानें तो प्रबंधन कहानी गढ़ने की योजना बना रहा है, किसी जिम्मेदार की अभद्र भाषा के कारण छात्र ने आत्महत्या कर ली, प्राचार्य ने भी कैंपस परिसर में फांसी लगाने की घटना की पुष्टि की।

# महिला के सामने पति की गर्दन, सीने और हाथ पर चाकू से वार कर हत्या, बसपा नेता समेत 3 गिरफ्तार

**सतना।** चाकू मार कर की गई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है अप मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें एक बसपा नेता भी शामिल है। मिली जानकारी बताया गया है कि तिलक समारोह में विवाद के बाद शहर के नई बस्ती क्षेत्र में एक युवक की चाकू मार कर हत्या कर दी गई। हत्या की इस वारदात के पीछे अवैध संबंधों को वजह माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, शहर के कोलगवां थाना अंतर्गत नई बस्ती में मंगल भवन के पास बीती रात अमृत लाल चौधरी पिता भइया लाल चौधरी उम्र 39 वर्ष निवासी राजेन्द्र नगर गली नंबर-13 की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। अपनी पत्नी बब्बी चौधरी के साथ अपने मौसेरे भाई मिश्री लाल के यहां से उसके बेटे के तिलक समारोह में शामिल होकर लौट रहा था। हत्या का आरोप में मृतक के मौसा मोतीलाल चौधरी, मौसेरे भाई जॉय राज चौधरी निवासी अमिरती और बसपा नेता केएल सिद्धार्थ निवासी सिद्धार्थ नगर को गिरफ्तार किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम कुशवाहा ने बताया कि बीती रात करीब 11 बजे मृतक अमृतलाल अपनी पत्नी के साथ मिश्रीलाल के यहां से निकल कर कुछ दूर पहुंचा ही था कि आरोपी मोतीलाल, जॉय राज और के एल सिद्धार्थ ने उसका रास्ता रोक लिया और उसे गुटखा खिलाने की पेशकश की। इसी दौरान जॉय राज ने चाकू से अमृतलाल के गर्दन,सीने और हाथ पर चाकू से वार कर दिया।उसने अमृत की पत्नी पर भी हमले की कोशिश की लेकिन वह भाग निकली जबकि अमृत लहूलुहान हो कर सड़क पर गिर पड़ा। पत्नी भाग कर मिश्री लाल के घर पहुंची और उससे जानकारी मिलने पर लोग वहां पहुंचे। आनन फानन में घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है।

## लोक सेवकों की ड्यूटी निर्धारित

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दल 25 अप्रैल को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना से सामग्री वितरण उपरांत मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होंगे। दल के मतदान केन्द्रों पर सकुशल पहुंचने व अन्य वांछित रिपोर्ट पीठासीन व सेक्टर अधिकारी से प्राप्त कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय प्रेषित करवाना सुनिश्चित करने के लिए विधानसभावार लोकसेवकों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। पवई विधानसभा के लिए खनिज निरीक्षक नूतन जैन एवं लैब टेक्नीशियन दिव्या वाहने, गुनौर विधानसभा के लिए अतिरिक्त जिला कार्यक्रम प्रबंधक कविता खरे एवं सहायक ग्रेड 3 मालती आर्यन और पन्ना विधानसभा के लिए परियोजना अर्थशास्त्री सुनीता श्रीवास एवं सहायक ग्रेड 3 अदिला खान की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

# ग्राम पंचायत जनवार की गौ शाला मे आधा दर्जन गायो की मौत

## ग्राम पंचायत के जिम्मेवार बेखबर

**पन्ना।** तत्कालीन कांग्रेस की सरकार द्वारा पूरे प्रदेश मे गौ शाला निर्माण कराया गया था। लगभग दो हजार से अधिक गौ शाला पूरे प्रदेश मे कई लाख की लागत से बनाई गई जिसका उद्देश्य आवारा गायो को रखकर उनकी व्यवस्था भूसा, पानी आदि ग्राम पंचायत से की जानी थी तथा ग्राम पंचायतो को इसके लिए बकायदा बजट भी दिया जाता है। लेकिन गौ शालाओ मे आने वाला बजट जिम्मेवार कागजो मे खर्च करके हडप कर जाते है तथा वहां पर कोई भी व्यवस्था नही होती है। उदाहरण के तौर पर जनपद पंचायत पन्ना अन्तर्गत ग्राम पंचायत जनवार में तीस लाख की



अधिक राशि से गोशाला का निर्माण कराया गया था। जिसमें गायो को रखा गया था। लेकिन उक्त गौ शाला मे रखी गई आधा दर्जन गायो की मौत चारा, भूसा तथा पानी के आभाव मे हो गई है। जहां एक ओर भाजपा सरकार द्वारा गायो को माता का दर्जा दिया गया है, वहीं दूसरी ओर पूरे देश मे गायो की बुरी दुर्दशा है, ग्राम पंचायत जनवार के सरपंच, सचिव द्वारा लापरवाही बरती गई तथा एक दर्जन गायो की मौत हो गई। जबकी इस संबंध मे सरपंच, सचिव को जानकारी होने से भी इंकार कर दिया। संबंधित मामले मे जिम्मेवारो पर कडी कार्यवाही होनी चाहिए।

### इनका कहना है

मुझे अभी जानकारी नही है पता करता हूॅं, कितनी गायो की मौत हुई है।

**सूर्य प्रताप सिंह यादव**
**सचिव ग्राम पंचायत जनवार**
**जनपद पंचायत पन्ना**

**ग्रामीण क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल व्यवस्था का प्रमुख आधार ट्यूबेल और बोरवेल हैं। इनमें से अनुपयोगी और खुले बोरवेल कई बार बड़ी दुर्घटना का कारण बनते हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को अनुपयोगी बोरवेल बंद कराने के निर्देश दिये हैं।**



## संक्षिप्त खबरें

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के संबंध में बैठक आज

**रीवा।** जिले भर में एक मई से 31 मई तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारी बैठक 19 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से पुलिस कंट्रोल रूम रीवा में आयोजित की जा रही है। संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा खेल प्रशिक्षकों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### डाकमत पत्र जारी करने हेतु एसडीएम हुजूर अधिकृत

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये संसदीय क्षेत्र रीवा-10 के ऐसे मतदाता जो अन्य जिलों में पदस्थ हैं उनके द्वारा प्रस्तुत आवेदनों के परीक्षण एवं पात्र निर्वाचकों को डाकमत पत्र जारी करने हेतु एसडीएम हुजूर को अधिकृत किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्देश दिये हैं कि अन्य जिले के निर्वाचकों के लिये जारी डाकमत पत्र को संबंधित जिलों को भेजे जाने हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित करने हेतु मतदात सूची की चिन्हित प्रति में डाकमत पत्र मार्क करने हेतु संबंधित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी कोसूचित करें।

### मतदाता जागरूकता साइकिल रैली आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 19 अप्रैल को मतदाता जागरूकता साइकिल रैली आयोजित की गयी है। स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि साइकिल रैली कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होकर कालेज, शिल्पी प्लाजा होते हुए सांई मंदिर, गायत्री मंदिर से कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त होगी।

### मार्क कॉपी तैयार करने के संबंध प्रशिक्षण आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में विधानसभावार मार्क कापी तैयार किये जाने का प्रशिक्षण 19 अप्रैल को विधानसभावार आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि अपने विधानसभा में प्रशिक्षण स्थल का चयन कर मार्क कापी तैयार किये जाने का प्रशिक्षण आयोजित करायें।

### मतदान के सदस्यों का विशेष प्रशिक्षण 20 अप्रैल को

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक एक, दो एवं तीन का विशेष प्रशिक्षण 20 अप्रैल को टीआरएस कालेज में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित होगा। प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से दोपहर एक बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 2 बजे से शाम 6 बजे तक विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## धरती माता के सपूत हैं मोदी, उन्होंने की सबकी चिंता : जनार्दन



**रीवा।** संसदीय क्षेत्र रीवा में भाजपा को लगातार 10 वर्षो से जो स्नेह और आर्शिवाद आप सबने दिया है उसकी बदौलत हमने मोदी जी के नेतृत्व में रीवा के विकास के नए-नए सोपान पूरे किये हैं। आज रीवा प्रदेश के उभरते हुए उन जिलों में सम्मिलित है, जहां पर विकास की हर वो संभावनाओं को पूरा किया गया है, जिससे विकास के सभी आयाम पूरे हो सके। उक्त विचार रीवा भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सांसद जनार्दन मिश्रा मउगंज विधानसभा के ग्राम मुदरिया, डढनी करहिया टोला, बरांव, कोठार, कोलहा, पहाड़ी टुर्रहा, अतरैला, बसिगढ़ा, छतैनी गांव में चुनावी जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए कही। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और नेता सम्मिलित हुए। रीवा सांसद का स्थानीय जनों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं चंदन, रोली गगनभेदी नारों के साथ उत्साह पूर्वक स्वागत किया गया।

रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने कांग्रेस के लोगों द्वारा दिये जा रहे अनर्गल विकास विरोधी बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिनकी सोच में विकास नहीं है और जो राजनीति को व्यवसाय मानते हैं और सिर्फ चुनाव के समय राजनीति करते हैं और साढ़े 4 वर्ष तक व्यवसाय में लग जाते हैं और उल्टे सीधे काम करके सुर्खियों में रहते हैं, ऐसे लोगों को रीवा के अद्भुत विकास नजर नहीं आएंगे। उनकी कथनी और करनी का अंतर रीवा की जनता जानती है। आप सबके आर्शिवाद से कमल का फूल रीवा में खिल रहा है, और आगे भी खिलाने के लिए आप तैयार बैठे हैं। रीवा संसदीय क्षेत्र में मोदी जी की अगुवाई में भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में अद्भुत और अविस्मणीय कार्य किये हैं। चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना हो, भूमिहीने को जमीन के अधिकार का पट्टा हो, 150 करोड़ रूपये की सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जिसमें किडनी ट्रांसप्लांट होने के साथ 3527 मरीजों की डायललिसस की गई है। 80616 गरीबों का मुफ्त इलाज हुआ है। मोहनिया टनल जो विंध्य क्षेत्र के विकास का दर्पण है वह 1400 करोड़ रूपये में 6 लेन की तैयार होकर जनता को समर्पित हो चुकी है। वहीं रेल सुरंग भी विकास का अद्भुत नमूना है। लोकसभा क्षेत्र के 2 लाख से अधिक गरीबों को पक्का मकान देने के साथ प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत कई हजार युवाओं का स्किल डेवलपमेंट करके उन्हें व्यवसाय से जोड़ा गया है। ओव्हर ब्रिज, पुलियों के दर्जनों से अधिक निर्माण हुए है। गोड़हर रेलवे स्टेशन ओव्हर ब्रिज 49.3 करोड़ में तैयार होकर रीवा की शान बन गई है। ऐसे लोग जो राजनीतिक रूप से आंख बंद किये रहते हैं, उन्हें न तो प्रधानमंत्री सड़क योजना दिखाई देगी न उड़ान योजना के तहत 206 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट दिखेगा। न उन्हें घर-घर में नल से जल पहुंचने की जानकारी होगी। गांव-गांव में प्रधानमंत्री सड़क योजना के कारण आज रीवा जिले में कृषि, उद्योगिनी, फल और सब्जी में बंपर उत्पादन हो रहा है। रीवा की मिट्टी सोने उगल रही है।

गेहूं और धान का बंपर उत्पादन होता है। परन्तु ऐसे लोग जिनके लिए राजनीति सिर्फ व्यवसायिक पेशा है, उन्हें सिर्फ झूठ ही बोलना है और झूठ का खेल खेलना है। रीवा की जनता उनके कारनामों को अच्छी तरह से जानती है, कितने लोगों को क्या-क्या किया है, वह रीवा के लोगों को बताने की जरूरत नहीं है। हमने पिछले 10 वर्षो में सेवा धर्म का पालन करते हुए सेवा की है। किसी की भी संपत्ति और जमीन हड़पने का षड़यंत्र नहीं किया है।

## कलेक्टर ने 20 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 20 आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए हैं। लोकसभा चुनाव के समय कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है। आदतन अपराधियों को बार-बार समझाइश के बावजूद इनके आचरण में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है। इनके कृत्यों से जनमानस में आतंक एवं भय व्याप्त है। इनका स्वच्छंद रहना आमजनता के लिए हितकर नहीं है जिसके कारण कलेक्टर द्वारा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। इन सभी आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए रीवा जिले की राजस्व सीमाओं सहित मऊगंज, सिंगरौली, सीधी तथा सतना जिले की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही ये रीवा जिले की सीमाओं में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने दिनेश उर्फ राजा पटेल निवासी घूमा, प्रकाश नारायण तिवारी उर्फ बांके निवासी मदरी, अतुल मिश्रा निवासी मदरी, कमलेश साकेत निवासी रायपुर कर्चुलियान, रामनिवास गुप्ता निवासी रायपुर कर्चुलियान, छोटेलाल पटेल निवासी उमरी थाना रायपुर कर्चुलियान, रामसुंदर उर्फ मन्नू तिवारी निवासी श्रेकवारा थाना पनवार, रमेश उर्फ लाल कोल निवासी देवखर थाना अतरैला, अनिकेत सिंह निवासी बैकुण्ठपुर तथा शिब्बू रावत निवासी कमसरियत मोहल्ला थाना अमहिया को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश दिया है।

इसी प्रकार अजीत सिंह परिहार निवासी गाजन हालमुकाम डाढी थाना चोरहटा, रणजीत तिवारी उर्फ रजन निवासी बहुरीबांध, मनोज तिवारी निवासी बहुरीबांध, प्रदुमन तिवारी निवासी बहुरीबांध, कमल सिंह निवासी भटलों, मनीष उर्फ दादू निवासी वार्ड क्रमांक 12 शांति नर्सिंग होम के पास रीवा, देवेन्द्र पटेल उर्फ पिन्टू निवासी गोरगांव थाना रायपुर कर्चुलियान, सचिन मिश्रा निवासी अनंतपुर रीवा, नियाज उर्फ न्याजुलहक निवासी वार्ड क्रमांक 2 मनगवां तथा प्रदीप पटेल उर्फ बोग्गा निवासी पडरिया थाना रायपुर कर्चुलियान को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिला बदर का आदेश दिया गया है।

## घर से मतदान की सुविधा का लाभ लेकर 101 वर्षीय राजनारायण ने किया मतदान



**रीवा।** निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं तथा 85 साल से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को डाकमत पत्र के माध्यम से घर से मतदान की सुविधा दी गयी है। रीवा लोकसभा में शामिल सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में दिव्यांगों और बुजुर्ग मतदाताओं से डाकमत पत्र से मतदान के लिए निर्धारित प्रापत्र में आवेदन पत्र भरवाये गये। इनके घर जाकर 18 अप्रैल और 19 अप्रैल को मतदान दल मतदान की सुविधा दे रहा है। प्रथम दिन लोकसभा क्षेत्र 10 रीवा के विधानसभा क्षेत्र 75 गुढ़ के ग्राम बुढ़िया में शतायु मतदाता राजनारायण ने मतदान किया। श्री राजनारायण की आयु 101 वर्ष है उन्होंने अब तक के सभी लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग किया है। मतदान दल ने श्री राजनारायण के घर जाकर मतदान कराया। एसडीएम तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर डॉ. अनुराग तिवारी भी मतदान के समय उपस्थित रहे।

## गुलाबकली ने घर से डाला अपना वोट

**रीवा।** निर्वाचन आयोग ने बुजुर्ग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी है। बुजुर्ग मतदाता निर्धारित प्रापत्र आवेदन करके इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। रीवा लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र 74 में ग्राम अजगरहा में 92 वर्षीय गुलाबकली मिश्रा ने घर से अपना वोट डाला होम वोटिंग के लिए तैनात मतदान दल द्वारा श्रीमती मिश्रा के घर जाकर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार डाकमत पत्र से मतदान कराया। घर से मतदान की सुविधा मिलने से प्रसन्न गुलाबकली ने पूरे उत्साह के साथ मतदान किया।

## खुले बोरवेलों को बंद कराने में जुटे अधिकारी, गांव-गांव किया जा रहा निरीक्षण



**रीवा।** ग्रामीण क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल व्यवस्था का प्रमुख आधार ट्यूबेल और बोरवेल हैं। इनमें से अनुपयोगी और खुले बोरवेल कई बार बड़ी दुर्घटना का कारण बनते हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा पीएचई विभाग के अधिकारियों को अनुपयोगी बोरवेल बंद कराने के निर्देश दिये हैं। इस कार्य की समय सीमा 30 अप्रैल निर्धारित की गयी है। अधिकारियों द्वारा जिले भर में भ्रमण करके अनुपयोगी और खुले टयूबेल बंद कराये जा रहे हैं। एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी ने क्षेत्र का भ्रमण कर अनुपयोगी बोरवेल बंद कराने के निर्देश दिये। तहसील सेमरिया में नायब तहसीलदार आंचल अग्रहरी ने ग्राम डड़िया तथा ग्राम तिघरा में बोरवेलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन बोरवेल खुले पाये गये। बोरवेल मालिकों को इन्हें तत्काल बंद कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम तिघरा में बिना जगत के खुले हुए कुंए को बंद कराने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने ग्राम सगरा में कूपों और खुले बोरवेलों का निरीक्षण किया। ग्राम सगरा में भूमिस्वामी उमाकांत मिश्रा को खुले कूप में जगत बनाकर उसे सुरक्षित करने के निर्देश दिये। ग्राम नदहा में भी नायब तहसीलदार ने बोरवेल का निरीक्षण किया। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एबी खरे ने ग्राम पंचायत पटेहरा में खुले बोरवेलों का निरीक्षण किया और दो बोरवेल बंद करायें। ग्राम लौरकला में जनपद के सीईओ विनोद पाण्डेय ने अनुपयोगी बोरवेल को बंद कराया। एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने ग्राम तिघरा में बोरवेलों का निरीक्षण किया।

## मलेरिया एवं डेंगू से बचाव के लिए लगातार किये जा रहे हैं प्रयास



**रीवा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में डेंगू, मलेरिया की रोकथाम हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे है। इस संबंध में जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव ने बताया कि जनवरी माह से अब तक रीवा जिले में 94 और मऊगंज जिले में 15 डेंगू के मरीज पाये गये हैं। रीवा नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न वार्डों में 34 डेंगू के पॉजिटिव मरीज मिले हैं। जिले में अब तक डेंगू की जांच के लिए 2420 व्यक्तियों के नमूनें लेकर उनकी जांच करायी गयी है इनमें से 109 के नमूने पॉजिटिव मिले हैं। डेंगू से बचाव के लिए जिला स्तरीय एवं विकाखण्ड स्तरीय दलों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। जनवरी माह से अब तक 27317 घरों में 33238 कूलर तथा अन्य कन्टेनरों की जांच की गयी है। इनमें से 12 में मच्छर के लार्वा पाये गये इन कन्टेनरों की साफ-सफाई कराकर दवा का छिड़काव कराया गया। अब तक 16537 अनुपयोगी बर्तनों में भरे पानी को खाली कराया गया। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा मलेरिया एवं डेंगू से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारियों व आशा कार्यकर्ताओं के कार्य की नियमित समीक्षा की जा रही है। उनसे फीवर सर्वे, लार्वा सर्वे एवं विनिष्टीकरण की रिपोर्ट लगातार ली जा रही है। उन्होंने बताया कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छर रूके हुए साफ पानी में अंडे देते हैं इसलिए कूलर तथा कंटेनरों में पानी 3-5 दिन से ज्यादा जमा न होने दें। कुलर तथा पानी के बड़े बर्तनों की सप्ताह में एक बार सफाई अवश्य करे। छत पर एवं घर के पीछे रखे अनुपयोगी सामान टूटे बर्तन, मटके, खुली टंकियां, बेकार फेंके हुए टायर, गमले इत्यादि में बारिश का पानी जमा न होने दें। पानी से भरे कंटेनरों को ढक्कर रखे ताकि मच्छर उसमें अंडे न दे सके। लार्वा विनिष्टीकरण हेतु अनुपयोगी पानी में जला हुआ इंजन आयल कैरोसीन खाने का तेल डाला जा सकता है।

## उप मुख्यमंत्री ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

**रीवा**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के आवास पर आम आदमी पार्टी रीवा महिला विंग की जिलाध्यक्ष पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सिरमौर ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के हाथों भाजपा की सदस्यता अपने समर्थकों के साथ ग्रहण की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने उन्हें पार्टी में सदस्यता दिलाई और कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने गरीब, युवा, महिला और किसान के कल्याण के लिए काम कर उन्हें मुख्य धारा में लाने का काम किया है। देश के अंदर बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत आरक्षण देने का काम किया है। जो मातृ शक्ति को बराबरी का अधिकारी देकर राजनीति रूप से सशक्त और स्वाबलंबी करेगा। साथ ही उन्होंने सभी भाजपा में आये सदस्यों का अभिनंदन कर कहा कि भाजपा ही वो दल है जो सबको सम्मान और काम देकर एक साधारण कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाती है। इस अवसर पर महाबली गौतम सहित भाजपा नेता उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री 19 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में करेंगे जनसंपर्क

**रीवा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला 19 अप्रैल को दोपहर 1 बजे ग्राम पंचायत बैसा में जनसभा करेंगे। तत्पश्चात 3 बजे ग्राम टीकर बस स्टैण्ड के पास सभा को सम्बोधित करेंगे। 4 बजे नगर परिषद गोविंदगढ़ रामलीला मैदान में चुनावी जनसभा कर भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील करेंगे।

## होम वोटिंग से 89 वर्षीय सियावती ने किया मतदान



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में हर मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इस क्रम में दिव्यांग और 85 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को घर से ही डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा दी गयी है। रीवा संसदीय क्षेत्र में जिन दिव्यांग तथा वरिष्ठ नागरिकों ने निर्धारित प्रापत्र में आवेदन देकर डाकमत पत्र से मतदान की इच्छा व्यक्त की थी उन्हें 18 अप्रैल और 19 अप्रैल को मतदान की सुविधा दी जा रही है। जिले भर तैनात 67 मतदान दल घर-घर जाकर बुजुर्गों और दिव्यांगों से मतदान करा रहे हैं। होम वोटिंग की इस सुविधा का लाभ उठाकर 89 वर्षीय सियावती मिश्रा ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। श्रीमती मिश्रा रीवा संसदीय क्षेत्र के रीवा विधानसभा क्षेंत्र 74 में ग्राम करहिया नं. 2 की निवासी हैं उन्होंने अब तक संपन्न सभी चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

## रीवा में कांग्रेस की जीत महिला के सम्मान की जीत होगी : राहुल

### भ्रष्टाचार की पोल खुल चुकी है, जनता जवाब देगी : अभय

**रीवा।** मध्य प्रदेश के कद्दावर कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल ने रीवा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली एवं जनसंपर्क अभियान में शामिल होने के साथ कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस दौरान उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा है कि वह अगले 6 दिन सब कुछ छोड़कर केवल कांग्रेस के लिए कार्य करें और यह संकल्प लें कि हमें यहां से जीत हासिल करना ही है। राहुल भैया ने कहा कि अगर इस बार भाजपा जीती तो देश का संविधान भी खतरे में पड़ जाएगा, भारतवर्ष को बचाने के लिए हम सबको एकजुट होकर कांग्रेस की जीत के लिए ताकत लगानी होगी। इन्होंने कहा कि वर्तमान में हमें पूंजीवादी ताकतो से लड़ना पड़ रहा है, हमारे पास संसाधन के भी कुछ अभाव हो सकते हैं लेकिन इसके बाद भी जन समर्थन को देखते हुए हमें और अपने प्रयासों में गति लानी होगी। राहुल भैया ने इस दौरान कहा कि रीवा लोकसभा क्षेत्र भाग्यशाली है कि यहां पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला प्रत्याशी कांग्रेस का नेतृत्व कर रही है, इसलिए उनके सम्मान को बरकरार रखने के लिए उनकी जीत के लिए पूरी ताकत लगा देनी है। इस बीच अजय सिंह राहुल भैया ने गुढ़, रीवा , बीड़ा , शाहपुर आदि इलाकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की बैठक को संबोधित किया तथा क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी राजेंद्र शर्मा, विधायक अभय मिश्रा , गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी कपिध्वज सिंह सहित काफी लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कहा कि चुनाव के लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं और इस बार का माहौल भी कांग्रेस के पक्ष में तेजी से बना है। जनता का समर्थन पूरी तरह से हमारे साथ है।सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने इस दौरान कहा कि भाजपा ने जिसे 10 साल से सांसद बना रखा था उसकी पूरी पोल खुल चुकी है। इन्होंने कहा कि आवारा पशुओं की समस्याओं से पूरा जिला परेशान है, सरकार ने इसके लिए योजना बना रखी है लेकिन दुर्भाग्य का विषय यह है कि यहां के सांसद रहे जनार्दन मिश्रा ने एक चिट्ठी तक नहीं लिखी और उस प्रोजेक्ट में रीवा जिला शामिल नहीं हो पाया। इन्होंने कहा कि अगर आप लोगों का आशीर्वाद मिला और कांग्रेस का सांसद बना तो सबसे पहले गोवर्धन योजना के तहत इस प्रोजेक्ट को यहां संचालित कराया जाएगा ताकि जिले के किस आवारा पशु की समस्या से मुक्त हो सके।




*स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833*